
UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर


Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-153 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) शुक्रवार 15 मई 2026 | youngbharatE-paper.com

## उत्तर प्रदेश को प्रश्न प्रदेश बना दिया था', सीएम योगी ने बताया- कैसे लिखी गई यूपी के विकास की पहली इबारत



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊः** टाइम्स ऑफ इंडिया की ओर से लखनऊ के होटल ताज में आयोजित '9 ईयर्स ऑफ ट्रांसफॉर्मिंग यूपी' कॉन्क्लेव को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबोधित किया। उन्होंने बताया कि 2017 में जब राज्य में उनकी पहली सरकार आई थी तो कैसे उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य की श्रेणी से उबारकर देश का ग्रोथ एंजिन बनाने की तैयारी की गई थी।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, आज से 9, 10 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश को लोगों ने 'प्रश्न प्रदेश' बना दिया था। नौजवानों के सामने पहचान का संकट था, व्यापारी पलायन कर रहा था, किसान आत्महत्या कर रहा था, पर्व त्यौहार पर उत्सव नहीं उपद्रव शुरू हो जाते थे। गुंडागर्दी चरम पर थी, सरकार के समानांतर माफिया, गुंडे सत्ता का संचालन करते थे। नियुक्ति में कोई पारदर्शिता नहीं थी, भाई-भतीजावाद था। बिजली नहीं थी, सड़कें नहीं थीं। परंपरागत उद्यम दम तोड़ रहे थे, सरकार की न कोई पॉलिसी थी, न नीयत थी, न ही नीति ही थी। उन्होंने कहा कि, इसका परिणाम क्या होता? उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य बनना ही था। किसान की लागत ज्यादा थी, उत्पादन कम था। न तकनीक थी न बिजली थी। बीज नहीं था, बाजार नहीं था, किसान के सामने आत्महत्या के सिवाय कुछ बचता ही नहीं था। कोई दूसरा रोजगार नहीं था। मुख्यमंत्री ने कहा कि, अराजकता, निराशा, असुरक्षा भरे उस माहौल में 2017 में प्रधानमंत्री मोदी जी के आह्वान पर उत्तर प्रदेश के लोगों ने डबल इंजन की सरकार बनाने का आशीर्वाद दिया। सरकार जब बनी तो हमने एक महीने तक एक ही काम किया। मैं मंत्रिमंडल के सहयोगियों को शाम 6 बजे से रात 12 बजे तक बिठाता था। केवल दो मुद्दों पर चर्चा करते थे, विभागों के प्रजेंटेशन होते थे, चर्चा होती थी, कार्ययोजना बनती थी। लोगों को यह समझ नहीं आता था कि क्या हो रहा है। उन्हें नहीं पता था कि इस प्रजेंटेशन, कार्ययोजना में छिपा हुआ है नए उत्तर प्रदेश का भविष्य, जो अब बीमारू राज्य से नए भारत के ग्रोथ एंजिन की नई यात्रा को प्रारंभ करने वाला है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि, अब विकास केवल लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर तक ही सीमित नहीं है। विकास अब सभी 75 जनपदों में एक साथ चलता है। बिजली केवल लखनऊ, प्रयागराज या किसी एक जनपद में नहीं, बल्कि सभी 75 जनपदों में और सभी 58 हजार ग्राम पंचायतों में समान रूप से मिलती है, कोई भेदभाव नहीं होता। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, अगर मैं कहूं कि भारत आज से 500 वर्ष पहले तक दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, तो लोगों को लगेगा कि गलत बोल रहा हूं, लेकिन यह सच था। आज से 500 वर्ष से 1500 वर्ष पूर्व तक दुनिया की अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी लगभग 44 से 45 फीसदी थी। लगातार लंबे समय तक यह बना रहा। कारण क्या था? जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में जब सामूहिकता देखने को मिलती है, जब सभी व्यवस्थाएं एक-दूसरे के साथ समन्वय करके आगे बढ़ती हैं तो उसके बेहतर परिणाम भी आते हैं।



## दिल्ली में फिर निर्भया जैसा कांड! पैदल चल रही महिला को अंदर खींचा

### चलती बस में 2 घंटे तक गैंगरेप




( यंग भारत न्यूज )

देश की राजधानी दिल्ली में फिर इंसानियत करने वाली घटना सामने आई है। एक प्राइवेट बस में 30 साल की एक महिला के साथ गैंगरेप किया गया। घटना उस समय की है जब वे अपने काम से वापस लौट रही थी। आरोपियों ने महिला को बस के अंदर खींचा और फिर हैवानियत भरी इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज किया। मामले में दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। वहीं, पुलिस ने वारदात में बस को जब्त कर लिया है।

घटना रानी बाग इलाके की है। पीड़िता पीतमपुरा की झुग्गियों में रहती है और वे मंगोलपुरी की एक फैक्ट्री में काम करती है। सोमवार (11 मई) रात वे हर रोज की तरह अपने काम से पैदल वापस लौट रही थी। इस दौरान सरस्वती विहार के बी-ब्लॉक बस स्टैंड के पास एक स्लीपर बस आकर रुकी। पीड़िता ने बस के दरवाजे पर खड़े एक शख्स से टाइम पूछा, तब ही उसे जबरन अंदर खींच लिया गया। आरोपियों ने दरवाजा बंद कर ड्राइवर को बस चलाने को कहा। चलती बस में ही दो लोगों ने महिला के साथ गैंगरेप किया। करीब 2 घंटे बार आरोपियों ने खून से लथपथ महिला को सड़क पर फेंक दिया और वहां से फरार हो गए। मेडिकल परीक्षण में महिला के साथ रेप की पुष्टि हो गई है। पुलिस के मुताबिक महिला शादीशुदा है और उसके 3 बच्चे हैं। मेडिकल करवाने के बाद स्न्ढ्ढक्रदर्ज की गई और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। दिल्ली पुलिस के मुताबिक पीड़िता को आरोपियों ने रानी बाग इलाके से बस में बैठाया था और फिर नांगलोई के इलाके में ले जाकर उसके साथ रेप किया। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने रानी बाग पुलिस स्टेशन में मुकदमा दर्ज किया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

## सुर्खियां.............

### कड़क एसपी के निर्देश का अक्षरसः पालन हेतु प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस स्टाफ की बैठक लेकर जमकर पेच कसे

**कालपी जालौन 14 मई।** प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में तथा समस्त पुलिस स्टाफ की उपस्थिति में बैठक आयोजित कर निर्देश दिए। गुरुवार के दिन कोतवाली कालपी के अतिथि ग्रह में आयोजित पुलिस स्टाफ की बैठक पर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के द्वारा दिए गए

### एसडीएम ने ब्लॉकों के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों के लिए अलग अलग व्हाट्सएप ग्रुप बनाया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** एसडीएम द्वारा एक नवाचारी पहल की गई है। तहसील क्षेत्र के दोनों ब्लॉकों के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों के लिए अलग अलग व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। जिसमें गांव का कोई भी व्यक्ति जुड़कर अपनी समस्या रख सकता है। उसकी समस्या का तत्काल समाधान करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए गए हैं। एसडीएम रिंकू सिंह राही ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर यह पहल शुरू की गई है।

### 91 फीसदी अंकों के साथ स्वर्णिका ने नगर में टॉप किया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** एमएल कन्वेंट द स्पेस साइंसलैब स्कूल के छात्रों में 91 फीसदी अंकों के साथ स्वर्णिका ने नगर में टॉप किया। सीबीएसई इंटीमीडिएट के परीक्षा परिणाम में एमएल कन्वेंट द स्पेस साइंसलैब स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिसमें स्वर्णिका ने 91 फीसदी अंकों के साथ विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया।

## फर्जी निकला 'फौजी दूल्हा', वकील दुल्हन ने मंडप में 7 फेरों से पहले यूं सिखाया सबक

### बारातियों को भिजवाया जेल

( यंग भारत न्यूज )

**हरदोई।** प्रदेश के हरदोई जनपद अंतर्गत शाहाबाद कस्बे में शादी के नाम पर धोखे का मामला सामने आया है. यहां वकील युवती ने विवाह मंडप में ही दूल्हे की हकीकत का पता लगा ल ?या और उसके बाद शादी से इनकार कर दिया.युवती का आरोप है कि मोबाइल और व्हाट्सऐप के माध्यम से उसकी बातचीत जिस युवक से होती थी, वह खुद को 'राहुल मिश्रा' बताता था और भोपाल में भारतीय सेना में तैनात होने का दावा करता था. लेकिन जब बारात घर पहुंची, तो दूल्हे के रूप में आए युवक की पहचान पूरी तरह अलग निकली.



पीड़िता के अनुसार, रिश्ते की सहमति और तमाम बातचीत राहुल मिश्रा नाम के व्यक्ति से ही हुई थी. दोनों परिवारों के बीच संबंध तय होने के बाद, निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बीती रात बारात शाहाबाद पहुंची. जयमाल और विवाह की रस्मों से ठीक पहले युवती को दूल्हे के हाव-भाव देखकर शक हुआ. जब युवती ने पूछताछ की, तो युवक ने अपना असली नाम देवेंद्र सिंह परिहार बताया. वहीं, बारात में शामिल अन्य लोग भी युवक की सही पहचान और पृष्ठभूमि के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दे सके. इस खुलासे के बाद मौके पर मौजूद अधिवक्ताओं और कन्या पक्ष के लोगों में भारी आक्रोश फैल गया. युवती ने आशंका जताई कि यह किसी संगठित गिरोह का काम हो सकता है, जो युवतियों को प्रेमजाल में फंसाकर मानव तस्करी जैसी गंभीर घटनाओं को अंजाम देता है. युवती ने मामले में दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है. घटना की सूचना मिलते ही शाहाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और दूल्हे सहित कई संदिग्ध बारातियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की. इस मामले में पुलिस ने मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों के निवासी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.

गिरफ्तार आरोपी

देवेन्द्र सिंह परमार (पुत्र कन्हैया जू परमार, निवासी गटेवरा, छतरपुर)

मंगलदीन (पुत्र मुलुआ पटेल, निवासी गटेवरा, छतरपुर)

रामौतार बाजपेई (पुत्र घनश्याम बाजपेई, निवासी गटेवरा, छतरपुर)

मुकेश सेन (पुत्र आशाराम, निवासी गटेवरा, छतरपुर)

शरीफ (पुत्र वहीद, निवासी संकट मोचन पहाडिया, छतरपुर)

मुलायम यादव (पुत्र प्रभुदयाल, निवासी लखरावन, छतरपुर)

परस्पर विरोधी बयान और मेडिकल जांच

सीएचसी शाहाबाद के डॉ. जीशान ने बताया कि पुलिस द्वारा देवेंद्र नाम के एक मरीज को भर्ती कराया गया है. युवक का कहना है कि उसके साथ मारपीट हुई है. उसका प्राथमिक उपचार कर दिया गया है और मेडिको-लीगल प्रक्रिया के तहत उसे आगे भेजा जाएगा. वहीं, दूल्हे दीपेंद्र सिंह परमार ने अपना पक्ष रखते हुए दावा किया कि वह छतरपुर का रहने वाला है और युवती से पिछले चार-पांच महीनों से फोन पर संपर्क में था. उसने आरोप लगाया कि युवती ने अपनी संपत्ति विवाद का हवाला देकर उसे बुलाया था और यहां आने पर उसके व उसके साथियों के साथ मारपीट की गई. बारात में आए मंदिर के पुजारी चंद्रभान ने बताया कि वे केवल पूजा कराने के लिए छतरपुर से आए थे. सीओ आलोक राज नारायण ने बताया कि 12-13 मई 2026 की मध्य रात्रि को पुलिस को इस घटना की सूचना मिली थी. एक 25 वर्षीय युवती की बातचीत 'राहुल' नामक युवक से होती थी, जिसने खुद को भोपाल का निवासी बताया था. इसी आधार पर रिश्ता तय हुआ था, लेकिन बारात आने पर युवती ने दूल्हे को पहचानने से इनकार कर दिया. दूल्हे ने अपना नाम देवेंद्र बताया और कहा कि वह राहुल को नहीं जानता. पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर लिया है और 9 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद वैधानिक कार्रवाई की जा रही है.

## क्या देश को 'कम में जीने' के लिए तैयार किया जा रहा है?

### प्रधानमंत्री की अपीलों, गिरते शेयर बाजार और बढ़ती महँगाई के बीच छिपे संकेत

***लेखक - राजीव श्रीवास्तव***
*( वरिष्ठ पत्रकार, आर्थिक, राजनीतिक व कॉर्पोरेट मामलों के विशेषज्ञ )*




*देश का शेयर बाजार लगातार गिर रहा है।*
*रुपया दबाव में है।*
*तेल की कीमतें उबाल पर हैं।*
*पश्चिम एशिया युद्ध के मुहाने पर खड़ा है।*

***और इसी बीच प्रधानमंत्री जनता से कहते हैं:***
*-कम तेल इस्तेमाल करें,*
*-कम सोना खरीदें,*
*-कम रासायनिक खाद डालें,*
*-और पब्लिक ट्रांसपोर्ट अपनाएँ।*

*सवाल यह नहीं कि प्रधानमंत्री ने क्या कहा।*

***सवाल यह है कि उन्होंने यह सब अभी क्यों कहा?***
*सरकारें तब 'संयम' की भाषा बोलती हैं, जब उन्हें भविष्य में संसाधनों और अर्थव्यवस्था पर दबाव दिखाई देने लगता है।*

*भारत पर तिहरा दबाव*
*भारत:*
*-लगभग 89% कच्चा तेल आयात करता है,*
*-55-60% खाद्य तेल विदेशों से लाता है,*
*-और उर्वरकों के लिए भारी आयात निर्भरता रखता है।*

***दूसरी तरफ़:***
*-पश्चिम एशिया का तनाव,*
*-डॉलर की मजबूती,*
*-और संभावित सुपर अलनीनो*
*एक साथ भारतीय अर्थव्यवस्था पर दबाव बना रहे हैं।*

***यदि मानसून कमजोर हुआ और तेल व खाद महँगे हुए, तो:***
*-खाद्य महँगाई,*
*-कृषि उत्पादन गिरावट,*
*-और आर्थिक सुस्ती*
*तीनों साथ आ सकते हैं।*

*खाद्य तेल और ब्लैक मार्केटिंग का खतरा*
*2020-21 की तुलना में कई खाद्य तेलों के दाम 35% से 70% तक बढ़ चुके हैं।*

***यदि आयात बाधित हुआ और कीमतें और बढ़ीं, तो:***
*-जमाखोरी,*
*-कृत्रिम कमी,*
*-और ब्लैक मार्केटिंग*
*तेज़ हो सकती है।*

*भारत का इतिहास गवाह है कि डर कई बार वास्तविक कमी से बड़ा संकट पैदा करता है।*

***'खाद कम डालो' — लेकिन विकल्प कहाँ हैं?***
*भारत हर वर्ष 350 लाख टन से अधिक रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करता है।*
*खेती आज भी यूरिया और डीएपी पर निर्भर है।*
*सरकार बायो-फर्टिलाइज़र और नैनो यूरिया की बात कर रही है, लेकिन:*
*-उपलब्धता सीमित है,*
*-किसानों का प्रशिक्षण अधूरा है,*
*-और ज़मीनी ढाँचा कमजोर है।*

*क्या बढ़ सकती है बेरोज़गारी?*
*यदि:*
*-ईंधन महँगा होता है,*
*-महँगाई बढ़ती है,*
*-और जनता खर्च कम करती है,*
*तो सबसे बड़ा झटका असंगठित क्षेत्र को लगेगा।*

***संभावित प्रभावित क्षेत्र***
*-ट्रांसपोर्ट एवं लॉजिस्टिक्स — 910 करोड़ रोजगार*
*-होटल-रेस्तरां उद्योग — 98 करोड़*
*-ऑटो सेक्टर — 93.7 करोड़*
*-खाद्य तेल और ज्वेलरी उद्योग — करोड़ों परिवार*

*विशेषज्ञ मानते हैं कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से:*
*15-20 करोड़ लोगों की आय और रोजगार दबाव में आ सकते हैं।*

*भारत में आर्थिक संकट केवल फैक्ट्री बंद होने का नाम नहीं होता, बल्कि:*
*-ट्रक की किश्त रुकने,*
*-ढाबा बंद होने,*
*-छोटी दुकान सूनी पड़ने,*
*-और किसान की फसल सस्ती बिकने*
*का भी नाम होता है।*

*शेयर बाजार क्यों घबराया?*
*बाजार भाषण नहीं, संकेत पढ़ता है।*
*यदि सरकार लगातार 'कम उपयोग' की भाषा बोले, तो निवेशक मानने लगते हैं कि:*
*सरकार किसी बड़े आर्थिक खतरे को पहले से देख रही है।*

*यही कारण है कि:*
*-विदेशी निवेशक सतर्क हैं,*
*-रुपये पर दबाव बढ़ रहा है,*
*-और बाजार में बिकवाली तेज़ हुई है।*

***यदि:***
*-तेल 100-120 डॉलर पहुँचा,*
*-अलनीनो सक्रिय हुआ,*
*-और महँगाई बढ़ी,*
*तो GDP वृद्धि 7-8% से घटकर 4-5% तक जा सकती है।*

***ऐसी स्थिति में:***
*'7 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था' का सपना कई वर्ष पीछे खिसक सकता है।*

*सबसे बड़ा संकट: विश्वास*
*अर्थव्यवस्था आँकड़ों से नहीं, विश्वास से चलती है।*
*यदि जनता और निवेशकों को लगने लगे कि:*
*-सरकार पूरी तस्वीर नहीं बता रही,*
*-और आने वाला समय कठिन हो सकता है,*

***तो:***
*-जमाखोरी,*
*-सोने की खरीद,*
*-डॉलर की मांग,*
*-और पूंजी पलायन*
*तेज़ हो सकते हैं।*

*और किसी भी देश के लिए सबसे खतरनाक स्थिति वही होती है, जब बाजार और जनता — दोनों का विश्वास एक साथ डगमगाने लगे।*

# नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाकर सफाई अभियान चलाया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** बारिश से पूर्व नगर पालिका नगर में स्थित नालों की सफाई का अभियान चला रही है। नगर पालिका द्वारा गुरूवार को ऐसे अतिक्रमण हटाकर सफाई अभियान चलाया गया।

नगर में जल निकासी के लिए 44 बड़े नाले हैं और 19 छोटे नाले हैं। इनमें से कई स्थानों पर लोगों ने नालों के ऊपर पटिया आदि रखकर अतिक्रमण कर लिया है। बारिश के मौसम में अक्सर जलभराव की स्थिति बन जाती है। ऐसे में बारिश के मौसम से पूर्व नगर पालिका इन नालों की सफाई का अभियान चला रही है। हालांकि नालों पर से अतिक्रमण हटाने के लिए नगर पालिका द्वारा मुनादी कराई गई है। जिसके बाद लोगों ने अतिक्रमण हटा लिए हैं। हालांकि अभी भी कुछ स्थानों से अतिक्रमण नहीं हटा है। ऐसे में नगर पालिका अतिक्रमण कर रखे गए पटियों



आदि को हटाकर सफाई करा रही है। गुरुवार को ईओ सुशील कुमार, जेई प्रवीण कुमार व आरआई अनूप कुमार के नेतृत्व में देवनगर चौराहे के आसपास नालों की सफाई कराई गई। देवनगर चौराहे से कोतवाली तक, क्षेत्र पंचायत कार्यालय के सामने से देवनगर चौराहा के आसपास बने नाले से सफाई की शुरूआत की गई। जहां बड़ी संख्या में लोगों ने नालों के ऊपर कब्जा कर अवैध निर्माण कर रखा था। अवैध कब्जा के चलते नगर पालिका की सफाई टीम को दिक्कत आ रही थी। अंदर तक सिल्ट की सफाई नहीं हो पा रही थी। जिसके बाद टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से इस अतिक्रमण को हटवाया। ईओ सुशील कुमार ने बताया कि नगर क्षेत्र में जिन-जिन स्थानों पर नालों पर अतिक्रमण किया गया है, वहां भी जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। बताया कि पालिका का हमारा लक्ष्य है कि बारिश के पहले नालों की पूरी तरह से सफाई कराई जाए ताकि जलनिकासी दुरुस्त हो सके और नागरिकों को परेशानी से बचाया जा सके।

# 91 फीसदी अंकों के साथ स्वर्णिका ने नगर में टॉप किया

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** एमएल कन्वेंट द स्पेस साइंसलैब स्कूल के छात्रों में 91 फीसदी अंकों के साथ स्वर्णिका ने नगर में टॉप किया। सीबीएसई इंटीमीडिएट के परीक्षा परिणाम में एमएल कन्वेंट द स्पेस साइंसलैब स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिसमें स्वर्णिका ने 91 फीसदी अंकों के साथ विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अपेक्षा निरंजन 87, आस्था 86, श्रेया पाठक 85, कृष्ण गुप्ता 85, निखिल 83 फीसदी अंकों के साथ पहले पांच स्थानों पर रहे। विद्यालय के 10 बच्चों ने 80 से 90 फीसदी अंक हासिल किए। 19 बच्चों ने किसी एक विषय में 95 से 100 फीसदी अंक प्राप्त किए। श्रेया पाठक और स्वर्णिका ने पेंटिंग में 100 अंक हासिल किए। इंग्लिश में सर्वाधिक 97 अंक अपेक्षा ने अर्जित किए। वंश ने फिजिकल एजुकेशन में 95 और श्रेया पाठक ने केमिस्ट्री में 92 अंक हासिल किया। विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में मेधावियों को मिठाई खिलाकर और शील्ड देकर उन्हें सम्मानित किया। खास बात रही कि जूनियर छात्रों ने भी अपने इंटरमीडिएट में पास हुए छात्रों को माला पहनकर सम्मानित किया। प्रबंधक गौरव गुप्ता छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की और 12वीं के बाद छात्र को कौन सी स्ट्रीम चुनना चाहिए इस पर मार्गदर्शन किया।

# महेवा में एक ही परिवार के दो गुटों में खूनी संघर्ष

- **किशोरी सहित 9 लोग घायल,दोनो पक्षों ने दी अपनी अपनी तहरीर**
- **खेत की मेढ़ को तोड़ने को लेकर अपनों ने बहाया अपनों का खून**

**कालपी जालौन 14 मई।** एक ग्राम में बीती रात खेत की मेड टूट जाने पर एक ही परिवार के दोनों पक्ष आपस में गाली गलौज लाठी डंडों से मारपीट कर घटना को अंजाम दिया जिससे दोनों पक्षों के लगभग किशोरी लड़की समेत नौ लोग बुरी तरह घायल हुए घटना के बाबत दोनों पक्षों ने अपनी अपनी शिकायत प्रस्तुत कर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की।

गुरुवार के दिन महेवा निवासी प्रथम पक्ष 38 वर्षीय चरण सिंह पुत्र विशंभर सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि हमारे ग्राम परिवार के तेज सिंह संजय सिंह पुत्रगण नन्हे शीलू पुत्र विनोद जयप्रकाश पुत्र जय सिंह आदि पांच लोगों ने खेत की मेड तोड़ दी थी उसमें हमने उलैहना दिया उपरोक्त लोग आकोर्षित होकर बुधवार की रात्रि घर में घुसकर मुझे तथा 22 वर्षीय अनुज पुत्र राजा सिंह 22 वर्षीय रवि पुत्र देव सिंह 13 वर्षीय किशोरी दीपा पुत्री भूरे सिंह समेत लोगों को गाली गलौज कर लाठी डंडों से बुरी तरह पीठ कर घायल किया घटना में शोरगुल सुनकर के पड़ोसी लोग आए उन्होंने हमलावर को ललकारा देवी हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग खड़े हुए वहीं दूसरे पक्ष 22 वर्षीय जयप्रकाश पुत्र जय सिंह ने शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि प्रथम पक्ष के उपरोक्त लोगों ने बुधवार की घर के दरवाजे पर मै तथा 45 वर्षीय अजय सिह एवं 80 वर्षीय वृद्ध नन्हे सिंह आदि लोगों को बुधवार की रात उपरोक्त प्रथम पक्ष लोगों ने गाली गलौज कर लाठी डंडों से पीट कर बुरी तरह मुझे तथा परिवार के लोगों को घायल किया घटना में शोरगुल सुनकर पड़ोसी लोग आए उन्होंने हमलावरों को ललकारा तभी हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग खड़े हुए खूनी संघर्ष घटना को कोतवाली कालपी प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने संज्ञान में लेकर दोनों पक्षों के घायल लोगों को पुलिस हिरासत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में डॉक्टरी हेतु भेज कर मौजूद हल्का इंचार्ज उप निरीक्षक ओंकार सिंह को घटनास्थल की जांच कार्यवाही करने के निर्देश दिए समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस के द्वारा मुकदमा पंजीकृत न होना बताया गया।

## एसडीएम ने ब्लॉकों के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों के लिए अलग अलग व्हाट्सएप ग्रुप बनाया

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** एसडीएम द्वारा एक नवाचारी पहल की गई है। तहसील क्षेत्र के दोनों ब्लॉकों के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों के लिए अलग अलग व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। जिसमें गांव का कोई भी व्यक्ति जुड़कर अपनी समस्या रख सकता है। उसकी समस्या का तत्काल समाधान करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए गए हैं। एसडीएम रिंकू सिंह राही ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर यह पहल शुरू की गई है। इस पहल का उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अपने कामों के लिए तहसील मुख्यालय तक न भागना पड़े। प्रशासन उनके पास पहुंचकर उनकी समस्याओं को दूर करेगा। व्हाट्सएप ग्रुप में सभी विभागों के अधिकारियों को गांव के लोगों को जोड़ा जा रहा है। ग्रामीण सोशल मीडिया पर साझा की गई लिंक अथवा गांव के लेखपाल, ग्राम पंचायत सचिव आदि से मिलकर अपना नंबर अपने गांव के ग्रुप में जोड़ सकते हैं। यदि किसी ग्रामीण को कोई समस्या है तो साक्ष्य सहित अपनी शिकायत अपने गांव के ग्रुप में साझा कर सकता है। सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि समस्या का संज्ञान लेकर तत्काल उसका समाधान कराया जाए। समस्या का क्या समाधान किया गया इसकी जानकारी भी ग्रुप में साझा करें। शिक्षक बच्चों को स्कूल में क्या पढ़ा रहे हैं, उसका प्लान, विद्यालय में की गई गतिविधियों के बारे में जानकारी भी ग्रुप में साझा करेंगे। ताकि अभिभावक देख सकें कि उनका बच्चा स्कूल में क्या पढ़ रहा है। इस ग्रुप का यह भी उद्देश्य है कि प्रशासन आपके गांव और आपके दरवाजे तक पहुंचे साथ ही ग्रामीणों में अपना गांव अपनी जिम्मेदारी का भाव आए।

# लंबे समय से बिगड़ैल ईओ की अभद्र कार्यशैली से छुब्ध रहते हैं सभी

**- '3 दिन का अल्टीमेटम... फिर आमरण अनशन! '**

**-पालिका में भ्रष्टाचार के आरोपों पर सभासदों का बवाल, श्वह के खिलाफ मोर्चा तेज**

( यंग भारत न्यूज )



**उरई** नगर पालिका में ईओ रामअचल कुरील के खिलाफ सभासदों का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। करोड़ों रुपये के घोटाले और भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर सभासद लगातार धरने पर डटे हुए हैं। सभासदों ने साफ चेतावनी दी है कि अगर तीन दिन के भीतर जांच कर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आमरण अनशन शुरू करेंगे। धरने के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट मौके पर पहुंचे और सभासदों को तीन दिन के अंदर जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। हालांकि सभासद इस आश्वासन से पूरी तरह संतुष्ट नजर नहीं आए। सभासदों ने मांग उठाई कि पूरे मामले की जांच तेज तर्रार एसडीएम रिंकू सिंह से कराई जाए, ताकि भ्रष्टाचार के आरोपों की निष्पक्ष जांच हो सके। धरने पर बैठे जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि नगर पालिका उरई में विकास कार्यों के नाम पर बड़े स्तर पर अनियमितताएं हुई हैं और करोड़ों रुपये के घोटाले को अंजाम दिया गया है। फिलहाल पालिका परिसर में माहौल गरमाया हुआ है और अब सबकी निगाहें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।

# एसडीएम द्वारा ओवरलोडिगं के खिलाफ चलाया गया अभियान, तीन डम्पर पकड़े गए

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** एसडीएम द्वारा ओवरलोडिगं के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को उरई जालौन मार्ग से तीन डम्पर पकड़े गए। जिनमें एक डंपर में आगे पीछे नंबर प्लेट नहीं थी तो एक डंपर ओवरलोड था। वहीं, एक डंपर का पीछा करने पर डंपर चालक बालू को सड़क पर ही गिराकर डंपर छोड़कर भाग गया। एसडीएम ने पकड़े गए डंपरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए खनन व परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

एसडीएम रिंकू सिंह राही द्वारा ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान गुरूवार को भी जारी रहा। अभियान के दौरान एसडीएम के साथ एसडीएम न्यायिक विशेश्वर सिंह द्वारा उरई रोड पर चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान एसडीएम ने पाया एक डंपर जो दो दिन पहले ही मंगलवार को पकड़ा गया था और बुधवार को छोड़ा गया था, वह डंपर अगले ही दिन से ओवरलोडिंग कर बालू की ढुलाई में लग गया। खनन अधिकारी ने इस डंपर पर 61480 रुपये का जुर्माना किया था। इसके बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ। वहीं, आगे पीछे बिना नंबर प्लेट के बालू की ढुलाई में लगे दो डंपरों को पकड़ा गया। जब एसडीएम ने एक और डंपर को रोकने का प्रयास किया तो वह



भागने लगा। टीम ने जब डंपर का पीछा किया तो डंपर चालक ने रास्ते में ही बालू को गिरा दिया और डंपर छोड़कर भाग गया। प्रशासन द्वारा इस कार्रवाई की जानकारी लगते ही अन्य ओवरलोड वाहनों के पहिए थम गए। टीम के जाने के बाद ही उनका संचालन शुरू हुआ।

## नाबालिग का अपहरण करने का दोष सिद्ध होने पर 7 वर्ष की सजा व जुमार्ना

**झांसी।** विशेष न्यायाधीश (परिको ऐक्ट) मोहम्मद नेयाज अहमद अंसारी की अदालत ने 7 वर्ष के मासूम का अपहरण कर उसके साथ कुकर्म करने के प्रयास का दोष सिद्ध होने पर अभियुक्त को 7 वर्ष की जेल और 20 हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया।

अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे विशेष शासकीय अधिवक्ता विजय सिंह कुशवाह ने बताया कि 11 जून 2019 को एक व्यक्ति ने थाना बरुआसागर में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए, बताया था कि मऊरानीपुर के ग्राम चुरारा निवासी हदेश रिछारिया ने गलत काम करने के इरादे से उसके 7 वर्षीय पुत्र का अपहरण कर लिया। उसको सुनसान क्षेत्र में ले जाकर उसके साथ कुकर्म करने का प्रयास किया। पुत्र के चीखने-चिल्लाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुँच गए, तो आरोपी मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# कड़क एसपी के निर्देश का अक्षरसः पालन हेतु प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस स्टाफ की बैठक लेकर जमकर पेच कसे



**कालपी जालौन 14 मई।** प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में तथा समस्त पुलिस स्टाफ की उपस्थिति में बैठक आयोजित कर निर्देश दिए। गुरुवार के दिन कोतवाली कालपी के अतिथि ग्रह में आयोजित पुलिस स्टाफ की बैठक पर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के द्वारा दिए गए निर्देशों का साक्षरता से पालन करने के उद्देश्य से प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने मौजूद पुलिस स्टाफ के पेच कसते हुए कहाकि सभी लोग अपने क्षेत्र में दिशा निर्देश के तहत जिम्मेदारी समझते हुए जनता के बीच कार्यों के प्रति खरे उतरने के निर्देश दिए उन्होंने प्रत्येक हल्का इंचार्जो एवं चौकी प्रभारी को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि जिनके क्षेत्र में यदि अपराध घटित हुआ तो ऐसे प्रभारी बक्से नहीं जाएंगे उन्होंने महिला पटल आइजीआरएस एवं सर्विलांस पटल तथा अधिकारियों के द्वारा भेजे गए प्रार्थना पत्रों एवं तहसील दिवस थाना दिवस के पत्रों की गहन जांच की जांच दौरान लंबित पाए गए शिकायती पत्रों में नाराज़गी जाहिर करते हुए समय के अंतर्गत निस्तारण कर जांच आख्या सहित संबंधित पटल में भेजने के निर्देश दिए साथ में विवेचना में वांछित चल रहे अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार कर विवेचनाओं को खत्म करने के निर्देश दिए सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में सदैव अमन शांति बनाए रखने के निर्देश दिए साथ में संबंधित क्षेत्र के आने वाले फरियादियों की शिकायतों को तत्काल सुनकर समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए मौके में अतिरिक्त कानून इंस्पेक्टर अवनीश कुमार वरिष्ठ उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह महमूदपुरा चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह चंदेल रामगंज चौकी प्रभारी विशाल भड़ाना ज्ञान भारती छौक चौकी प्रभारी विपिन यादव उप निरीक्षक उपेंद्र शुक्ला उप निरीक्षक शैलेश कुमार उप निरीक्षक ओंकार सिंह उप निरीक्षक इंद्रमणि चौधरी दीवान लक्ष्मीकांत त्रिपाठी कार्यालय लेखाकार राम सिंह कंप्यूटर ऑपरेटर शैलेंद्र सिंह मुंशी महिला सिपाही विनीता कंप्यूटर ऑपरेटर अंकित वर्मा कंप्यूटर ऑपरेटर दीपेंद्र मिश्रा मुंशी वीरेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# एसडीएम व एसडीएम न्यायिक ने संयुक्त रूप से उच्च प्राथमिक विद्यालय भिटारा का निरीक्षण किया

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** एसडीएम व एसडीएम न्यायिक ने संयुक्त रूप से उच्च प्राथमिक विद्यालय भिटारा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पंजीकृत 26 बच्चों में सिर्फ नौ बच्चे उपस्थित मिले और शिक्षिका मोबाइल चलाते मिली। वहीं, निरीक्षण के दौरान कमरों में अंधेरा होने के बाद भी खिड़की नहीं खोली गई थी। जिसके चलते लाइट जलाकर निरीक्षण किया गया। एसडीएम ने व्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए दायित्वों को ईमानदारी से पालन करने के निर्देश दिए।

एसडीएम रिंकू सिंह राही एवं एसडीएम न्यायिक विश्वेश्वर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के पास संचालित उच्च प्राथमिक विद्यालय भिटारा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई की स्थिति अच्छी नहीं मिली और शौचालय भी गंदे पाए गए साथ ही कमरों में अंधेरा होने के बाद भी खिड़ी को बंद रखा गया था। जिसके चलते लाइट जलाकर निरीक्षण किया गया। उन्होंने अध्यापकों को खिड़की खोलने और शौचालय की सफाई करने के लिए निर्देशित किया। विद्यालय में पंजीकृत 26 बच्चों में मात्र नौ उपस्थित मिले। बच्चों की कम उपस्थिति और शिक्षण कार्य के दौरान शिक्षिका शगुफ्ता के मोबाइल चलाते हुए मिलने पर एसडीएम ने कड़ी नाराजगी जाहिर की और उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। शिक्षण कार्य में शिक्षक पवन द्वारा शब्दार्थ पढ़ाया जाना बताया गया, जबकि विद्यार्थियों की कॉपियों में प्राकृतिक संसाधन संबंधित विषयवस्तु पाई गई। शिक्षिका शगुफ्ता द्वारा पर्यावरण विषय पढ़ाया जाना बताया गया, जबकि विद्यार्थियों की कॉपियों में पदार्थ विषय से संबंधित सामग्री अंकित पाई गई। स्कूल में स्मार्ट टीवी लगी होने के बाद भी उसका उपयोग न करने पर एसडीएम ने नाराजगी जताई और स्मार्ट टीवी का उपयोग कर क्लास पढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने बीईओ को विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, छात्र उपस्थिति, स्वच्छता, अनुशासन एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

# विकास कार्यों में लापरवाही पर तय की जाएगी जवाब देही, डीएम ने कई अधिकारियों का वेतन रोका

## विकास कार्यों की समीक्षा में सख्त निर्देश जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सीएम डैशबोर्ड एवं विभिन्न विकास कार्यों की गहन समीक्षा बैठक की गई, जिसमें विभागवार योजनाओं की प्रगति, लंबित प्रकरणों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दास्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक अधिकारी जवाबदेही के साथ कार्य करें।जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित बिंदुओं का नियमित अनुश्रवण करते हुए सभी योजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में निर्माण कार्यों की प्रगति लक्ष्य के अनुरूप न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक से स्पष्टीकरण तलब किया और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।फैमिली आईडी निर्माण की समीक्षा में जनपद को प्राप्त 70 हजार लक्ष्य के सापेक्ष अब तक मात्र 52 हजार फैमिली आईडी बनाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। प्रगति अत्यंत धीमी पाए जाने पर समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, दिव्यांगजन अधिकारी, श्रम परिवर्तन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उप कृषि निदेशक एवं डीसी मनरेगा सहित संबंधित अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकते हुए निर्देशित किया कि एक माह के भीतर लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित की जाए।पंचायतीराज विभाग द्वारा व्यक्तिगत शौचालय निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी का भी एक दिन का वेतन रोकते हुए निर्देश दिए कि कार्यों में तेजी लाकर निर्धारित समयसीमा में लक्ष्य पूरा किया जाए।प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को कनेक्शन उपलब्ध कराने की धीमी प्रगति पर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए अभियान मोड में कार्य करने और अधिकाधिक लाभार्थियों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, कृषि, पशुधन, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, उद्योग, श्रम एवं सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागों की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।बैठक में वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य के अंतर्गत जिला घरेलू उत्पाद की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कृषि, विनिर्माण, सेवा एवं आधारभूत संरचना क्षेत्रों में तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार द्वारा जुलाई 2025 से प्रत्येक जनपद में पीएलएफएस एवं एएसयूएसई सर्वेक्षण कराए जा रहे हैं, जिससे असंगठित क्षेत्र एवं श्रमबल से संबंधित आंकड़ों के आधार पर विकास की नई रणनीति तैयार की जा सके।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिन्कू सिंह रही, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीरेंद्र सिंह, डीएसटीओ नीरज चौधरी आदि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अब जेल में बंदी बनायेंगे बेकरी प्रोडक्ट, डीएम ने बेकरी यूनिट का किया शुभारंभ

## अब बंदियों को मिलेगा ताजा ब्रेड-बिस्किट, कारागार से पुलिस लाइन तक होगी आपूर्ति

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला कारागार उरई में बंदियों के पुनर्वास, कौशल विकास एवं बेहतर भोजन व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बेकरी कक्ष एवं अत्याधुनिक बेकरी मशीन का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कारागार प्रशासन को निर्देशित किया कि मशीन से तैयार होने वाले उत्पादों का उपयोग बंदियों के नाश्ते एवं भोजन व्यवस्था में किया जाए, साथ ही भविष्य में पुलिस लाइन, अन्य सरकारी संस्थानों में भी इन उत्पादों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि कारागार केवल दंड का स्थान नहीं, बल्कि सुधार और आत्मनिर्भरता का केंद्र होना चाहिए। बंदियों को कौशल आधारित गतिविधियों से जोड़ने से उनमें आत्मविश्वास बढ़ेगा तथा भविष्य में उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने की नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन बंदियों के पुनर्वास और रोजगारपरक प्रशिक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत है।

जेल अधीक्षक नीरज देव ने बताया कि स्थापित बेकरी मशीन के माध्यम से कारागार में ब्रेड, बिस्किट एवं अन्य बेकरी उत्पाद तैयार किए जाएंगे। इन उत्पादों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि यह पहल बंदियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देने के साथ-साथ कारागार को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।जिलाधिकारी ने शुभारंभ के उपरांत कारागार परिसर में संचालित अन्य निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था की सराहना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जेलर प्रदीप कुमार, चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल बर्मन, उपकारापाल अमर सिंह, संगेष कुमार सहित कारागार का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# भीषण गर्मी में कैसे बुझे प्यास हैड पंप बीमार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** न्यामतपुर जालौन महेवा विकासखंड के अंतर्गत जल निगम द्वारा लगवाये गये हैड पंप अब बीमार पड़े हैं जिससे जनता को प्यास बुझाने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है महेवा विकासखंड के अंतर्गत न्यामतपुर अभैदेपुर बम्हौरा दमरास खडगुई पाल सिमरा शेखपुर आदि गांव में लगे हैड पंप खराब पड़े हैं न्यामतपुर में बीज गोदाम का हैड पंप करीब 2 साल से खराब पड़ा है तथा मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र का हैड पंप भी 1 वर्ष से ज्यादा हो गया है तब से वह बंद पड़ा है जबकि राजकीय बीज गोदाम पर प्रतिदिन क्षेत्र के करीब एक सैकड़ा किसानों का आना-जाना है इसी तरह पास में ही मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र पर भी प्रतिदिन गर्भवती महिलाओं का आवागमन होता है मगर ऐसी भीषण गर्मी में उनको पेयजल के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है जबकि खराब पड़े हैड पंपों के बारे में मुख्य चिकित्सा अधिकारी जालौन जिला कृषि अधिकारी जालौन अधिशासी अभियंता जल निगम तथा खंड विकास अधिकारी महेवा को भली प्रकार से जानकारी है मगर एक साल से ज्यादा समय हो गया किसी का इस तरफ जरा भी ध्यान नहीं गया है जबकि उक्त दोनों जगहों पर पेयजल की भारी आवश्यकता है यहां पर आने वाले किसान एवं गर्भवती महिलाओं के तीमारदारों को भारी परेशानी होती है देखा गया है कि यह लोग दूर के हैड पंप से पानी लाकर अपनी प्यास बुझाते हैं जबकि उक्त संस्थानो पर लगे हैंडपंप बेकार साबित हो रहे हैं जबकि ऐसी जगहों पर पेयजल की अति आवश्यकता है इसलिये विभागीय अधिकारियों को चाहिए की इन जगहों को नजरअंदाज न करें इन हैड पंपों के अलावा उक्त ग्रामों के बंद पड़े हैड पंपों को शीघ्र ठीक करा कर पेयजल समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए

# जालौन में जनगणना-2027 को मिला जनसहभागिता का बड़ा संदेश

## जनप्रतिनिधियों, मीडिया कर्मियों ने स्वयं भरी स्व-गणना, जनपदवासियों से भी की सहभागिता की अपील

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )** जनगणना-2027 के अंतर्गत चल रहे स्व-गणना अभियान को जनपद में व्यापक जनसमर्थन और जागरूकता का स्वरूप मिलता दिखाई दे रहा है। आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय सहित जनपद के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों ने स्वयं अपनी स्व-गणना भरकर जिम्मेदार नागरिक होने का संदेश दिया।

जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों की विकास योजनाओं, संसाधनों के वितरण और जनकल्याणकारी योजनाओं की मजबूत नींव है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक बढ़-चढ़कर स्व-गणना अभियान में सहभागिता करे और घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से अपनी सही एवं पूर्ण जानकारी दर्ज करे। उन्होंने कहा कि नागरिकों की एक-एक सही जानकारी भविष्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, आवास, रोजगार और आधारभूत सुविधाओं की बेहतर योजना बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसलिए यह केवल सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश और समाज के विकास में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता का अभियान है। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी एवं सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने भी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जनगणना राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है और प्रत्येक व्यक्ति का इसमें सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्व-गणना की सुविधा से अब नागरिक स्वयं अपनी जानकारी आसानी से दर्ज कर सकते हैं, जिससे प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बन रही है। कार्यक्रम के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने भी स्व-गणना कर आमजन को जागरूक करने का संदेश दिया। अधिकारियों ने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित स्व-गणना अभियान के अंतर्गत नागरिक निर्धारित पोर्टल पर मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी सत्यापन कर अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। उपस्थित सभी लोगों ने जनपदवासियों से अपील की कि वे जागरूक नागरिक बनकर जनगणना-2027 को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

# अवैध खनन पर प्रशासन का बड़ा एक्शन, रात में चली ताबड़तोड़ कार्रवाई



( यंग भारत न्यूज )

- यदि इतनी ही कड़ाई से अवैध मौरंग खनन एवम परिवहन पर अधिकारी कार्यवाही करें तो मौरंग के अवैध खनन की रुक सकती हैं माफियाओं द्वारा की जा रही बेधड़क चोरी
- डीएम के निर्देश पर चुर्खी रोड पर 04 ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज, मचा हड़कंप

**उरई ( जालौन )।** अवैध खनन एवं राजस्व क्षति रोकने के लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशन में प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी उरई ज्योति सिंह के नेतृत्व में गठित टास्क फोर्स समिति ने कल देर रात चुर्खी रोड क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की।अभियान के दौरान बिना वैध अनुमति मिट्टी का परिवहन कर रहे 04 ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर पकड़ लिया गया। जांच में आवश्यक अभिलेख एवं वैध प्रपत्र प्रस्तुत न किए जाने पर सभी वाहनों को तत्काल सीज कर फैक्ट्री एरिया चौकी में बंद कराया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया। उप जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजस्व को नुकसान पहुंचाने वालों एवं नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि खनन से जुड़े सभी कार्य शासन की निर्धारित प्रक्रिया एवं वैध अनुमति के अनुसार ही किए जाएं। प्रशासन द्वारा देर रात की गई इस कार्रवाई को अवैध खनन के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि भविष्य में भी ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे और नियम विरुद्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# एट टोल के पास चलती ब्रेजा में लगी आग, बाल-बाल बची तीन वर्षीय बच्ची समेत चार लोगों की जान

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** उरई-एट टोल प्लाजा के पास गुरुवार को चलती कार में अचानक आग लगने से हाईवे पर हड़कंप मच गया। कुछ ही पलों में कार आग के गोले में तब्दील हो गई और एक के बाद एक चार तेज धमाकों के साथ टायर फटने लगे। घटना से आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई।जानकारी के अनुसार मारुति सुजुकी ब्रेजा कार ( यूपी 93 बीसी 8325 ) में दयानंद वैदिक कॉलेज के राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. नमो नारायण, पत्रकार प्रभात दुबे समेत चार लोग सवार थे। कार में करीब तीन वर्षीय बच्ची नव्या भी मौजूद थी। सभी लोग उरई से झांसी की ओर जा रहे थे।बताया जा रहा है कि रिलायंस पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवाने के कुछ किलोमीटर बाद अचानक कार से धुआं उठने लगा। चालक ने वाहन रोकने का प्रयास किया, लेकिन देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। कार सवार लोग किसी तरह बाहर निकलकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचे। इसके कुछ ही देर बाद कार के टायर तेज धमाकों के साथ फटने लगे और आग की लपटें दूर तक दिखाई देने लगीं।घटना की सूचना मिलते ही एट थाना पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे के चलते करीब आधे घंटे तक हाईवे पर यातायात बाधित रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई।गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में महोबा सपा सांसद के विरोध में कलेक्ट्रेट में दिया गया धरना

## देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति की गई अमर्यादित एवं अभद्र टिप्पणी से भाजपाइयों में दिखा आक्रोश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** भारतीय जनता पार्टी ने भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित के नेतृत्व में महोबा से समाजवादी पार्टी के सांसद अजेन्द्र सिंह लोधी द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति की गई अमर्यादित एवं अभद्र टिप्पणी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन कलेक्ट्रेट परिसर पर किया गया।

इस अवसर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 140 करोड़ नागरिकों की आशा, विश्वास एवं नए भारत के संकल्प के प्रतीक हैं। उनके विरुद्ध की गई इस प्रकार की टिप्पणी न केवल लोकतांत्रिक मर्यादाओं का अपमान है, बल्कि देश की जनता की भावनाओं को भी आहत करने वाली है भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं सम्मानजनक राजनीतिक परंपराओं की रक्षा हेतु सदैव प्रतिबद्ध है इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, जलशक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, जेडीसी बैंक के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह, संजीव उपाध्याय, विवेक कुशवाहा, पुष्पेंद्र सेगर, प्रशांत द्विवेदी, अशोक राठौर, रेखा वर्मा, मीनू मिश्रा, ऊषा गुप्ता, अनीता सोलंकी, रंजन अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, मांडवी शर्मा, विजय चौधरी, जगदीश तिवारी, रामू दुबे, अजीत सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण, जिला पदाधिकारीगण, मंडल अध्यक्षगण, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्षगण एवं ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# परिवहन विभाग ने चलाया ताबड़तोड़ चैकिंग अभियान

## प्रतिबंधित हूट, हॉर्न तथा अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रो को लगाएं हुए थे वाहन स्वामी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** राजेश कुमार वर्मा सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) झाँसी सम्भाग, झाँसी के नेतृत्व में जनपद जालौन में सुरेश कुमार वरिष्ठ-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन), विनय कुमार पाण्डेय यात्रीकर/मालकर अधिकारी व यातायात पुलिस की टीम द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर मॉडिफाइड साइलेंसर/हूटर/प्रतिबंधित हॉर्न आदि के अभियान चलाया गया। इस कार्यवाही के दौरान मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करने वाले दुपहिया वाहनों, विशेषकर बुलेट और स्पोर्ट्स बाइक्स को निशाने पर लिया गया। चेकिंग के दौरान वाहनों में कंपनी मानकों के विपरीत 'आफ्टर-मार्केट' साइलेंसर लगे पाए गए। इन सभी वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत 09 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई व 01 वाहन को सीज किया गया। साथ ही अन्य वाहनों के भी चालान किए गए। प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा कड़ा रुख अपनाते हुए कई वाहनों के मौके पर ही अवैध साइलेंसर निकलवाकर और उन्हें जब्त कर लिया गया। वाहनों में ध्वनि विस्तारक यंत्र या संशोधित साइलेंसर लगाना न केवल ध्वनि प्रदूषण फैलाता है, बल्कि यह सड़क पर अन्य चालकों का ध्यान भटकाकर दुर्घटनाओं को भी निमंत्रण देता है। विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जो भी वाहन शोर संबंधी मानकों का उल्लंघन करेगा, उसके विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।

# जिले के किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न होने पर उपज लड़ेगा लड़ाई-अनिल शर्मा

## पत्रकार अपने परिवार में स्वयं रखे गरिमा और पवित्रता का ध्यान-संजय श्रीवास्तव

- 30 मई को उपज के तत्वाधान में सिटी सेंटर सभागार में मनाया जाएगा हिंदी पत्रकारिता दिवस
- पत्रकार सुरक्षा का बने कानून
- पूर्व की भाँति सरकारी बैठकों में पत्रकारों को बुलाने और बैठाने की , की जाए व्यवस्था



डिजिटल दैनिक यंग भारत के प्रधान सम्पादक संजय श्रीवास्तव पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** उपज के अलावा जिले के किसी भी पत्रकार संगठनों के पत्रकार का उत्पीड़न होने पर उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (उपज) लड़ाई लड़ेगा। इस तरह के कई प्रस्ताव गुरुवार को शहर के सिटी सेंटर सभागार में हुई बैठक में सर्व सम्मति से पास हुए। संगठन के संरक्षक व वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा ने कहा कि एक साजिश के तहत कुछ अधिकारी और नेता कहते हैं कि पत्रकार ज्यादा भ्रष्ट हैं, जबकि सच्चाई इसके उलट है। अधिकांश नेता व अधिकारी ज्यादा भ्रष्ट हैं। पत्रकारों को इस साजिश के खिलाफ खड़ा होना होगा, और उन्हें समाज का लाइट हाउस बनना होगा, ताकि वह गरीब पीड़ित की आवाज वे पूरी ताकत सेउठा सके। उपज के संरक्षक व यंग भारत डिजिटल दैनिक के प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव ने कहा कि मीडिया की पवित्र छवि को जो हमें बुजुर्गों से मिली है, उसे बरकरार रखने के लिए पत्रकारों को अपने आचरण में पवित्रता लानी होगी। वरिष्ठ पत्रकार व प्राचार्य डॉ. राकेश द्विवेदी ने कहा कि सच्चाई के सामने आज घना अंधेरा है, समाज पत्रकारों की ओर उम्मीद की नजर से देख रहा है। पत्रकारों को जनता के हित में सच्चाई को सामने लाना होगा। वरिष्ठ पत्रकार अजय सोनी ने कहा कि पत्रकार कोई उगाल दान नहीं है। जैसे आज से 20 साल पहले पत्रकारों को कवरेज के लिए हर मीटिंग में बुलाया जाता था, वैसा ही होना चाहिए। तब मैनेज की जगह जनता को सच्ची खबरें मिलेगी। वरिष्ठ पत्रकार व एडवोकेट मतलूब चंदेल ने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून शीघ्र से शीघ्र बनना चाहिए, ताकि पत्रकारों का बिना वजह होने वाला उत्पीड़न रुक सके। उपज के जिलाध्यक्ष अचल शर्मा ने कहा कि राजस्थान, बिहार, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड आदि राज्यों में बुजुर्ग पत्रकारों के लिए मासिक पेंशन दी जा रही है। इसलिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग है कि विधानसभा चुनाव से पहले बुजुर्ग पत्रकारों के लिए पेंशन लागूकरे। उन्होंने बताया कि आगामी 30 मई को सिटी सेंटर सभागार में उपज के बैनर तले हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाएगा। बैठक में पत्रकार सुधीर राणा, सलिल तिवारी, शैलेंद्र यागिक, रामकुमार सिंह जादौन, अनिल ओझा ने भी पत्रकारों की समस्याओं को रखा। बैठक की अध्यक्षता संरक्षक अनिल शर्मा व संरक्षक संजय श्रीवास्तव नें संयुक्त रूप से की। जबकि संचालन उपज के जिलाध्यक्ष अचल शर्मा ने किया। बैठक में विष्णु चंदोलिया, राहुल दुबे, प्रकाश नारायण द्विवेदी, सुशील पांडेय, रामनिवास शुक्ला, कुलदीप गोस्वामी, अलीम अहमद, ध्रुव यादव, बृजेश बादल, मनोज सैनी, शिवम यादव, मुशीर अहमद, मुजीब आलम, चंद्र प्रकाश दुबे, अब्दुल अज़ीज़, राहुल दुबे, दुष्यंत सिंह, विजय विक्रम सिंह, भूपेंद्र यादव, देवेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार शर्मा, राहुल गुप्ता, जयदीप, नीरज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# छात्रा एलिना श्रीवास्तव ने 90 फीसदी अंक पाकर विद्यालय में पहला स्थान किया प्राप्त



( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । एसएस कन्हैयालाल अग्रवाल मैमोरियल बाल विद्या मन्दिर के सीबीएसई इंटरमीडिएट के रिजल्ट में विद्यालय की छात्रा एलिना श्रीवास्तव ने 90 फीसदी अंक पाकर विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया।

सीबीएसई के इंटरमीडिएट के घोषित परीक्षा परिणाम में एसएस कन्हैया लाल अग्रवाल मैमोरियल बाल विद्या मन्दिर सभी विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। उप प्रधानाचार्य आशीष चतुर्वेदी ने बताया कि 12वीं कक्षा से एलिना श्रीवास्तव ने 90 फीसदी अंकों के साथ विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। अभिनय प्रताप सिंह 89.2 एवं नव्या अग्रवाल एवं अनामिका सिंह संयुक्त रूप से 88 फीसदी अंकों के साथ क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा अनामिका सिंह ने 88, दीपक कुशवाहा 86.6, रौमित 85.8, अतुल कुमार पांडे 85.2, काकुल राठौर 83.6, तुलसी यादव 82.8, अनुराग प्रताप सिंह 82.2, आदर्श प्रताप सिंह 80.8, परी भदौरिया व नवनीत सिंह, 80.2, अनुराग सिंह सेंगर 80, अनंत तिवारी 79.2, निहारिका द्विवेदी 78.6, साहिल सिंह 78.4, ईशान सिंह व नरेंद्र सिंह तोमर 77.8, प्राची श्रीवास्तव 77.2, अभिषेक सिंह व विशेष उपाध्याय 77.6, वैष्णवी 76.6, अनन्य आकाश 76, सपना सिकरवार 74.6, पार्थ बंसल व प्रशांत सिंह राजावत 74, नित्या सिंह 72.4, अक्षत भदौरिया 71.8, जैनब 70.8, सुमैरा मंसूरी 70.2, अराध्य त्रिपाठी 70 फीसदी अंक पाकर परिजनों और विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रबंधक पूरनलाल अग्रवाल, उपप्रबंधक विपुल अग्रवाल व निर्देशिका खुशबू अग्रवाल बच्चों को मिष्ठान खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर रश्मि सेठ, अनंत श्रीवास्तव, उपेंद्र सिंह सेंगर, ईशा सेंगर, अभिलाषा गुप्ता, कमल प्रताप सिंह, विनय गुप्ता, सोमेष तिवारी, रंजना गुप्ता, अजय बाजपेई आदि रहे।

# सीओ कोंच परमेश्वर की अगुवाई में नगर में हुआ पैदल मार्च

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच( जालौन )।** आज गुरुवार को कोंच पुलिस क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद की अगुवाई में शाम के समय कोतवाली से पैदल मार्च प्रारंभ हुआ जो नगर के पुरानी स्टेट बैंक तिराहा नई स्टेट बैंक तिराहा चंद्रकुआ चौराहा सागर चौकी तिराहा बस स्टेंड एसआरपी इंटर कालेज होता हुआ नगर के मारकंडेश्वर चौराहा पहुंचा इस पैदल मार्च में बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी शामिल रहे इस अवसर पर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश बहादुर सिंह अतिरिक्त इंस्पेक्टर अरुण कुमार यादव एसएसआई विमलेश कुमार यादव खेड़ा चौकी के प्रभारी शिवनारायण वर्मा सागर चौकी के प्रभारी सुमित पांडेय सुरई चौकी के प्रभारी अभिषेक सिंह मंडी चौकी के प्रभारी नीतीश कुमार दरोगा अशोक कुमार वर्मा दरोगा कल्बे पतंजन दीवान अभिषेक भदोरिया सिपाही दीपक कुमार सत्येंद्र सिंह अभिषेक पाल भूपेंद्र सिंह धर्मराज सिंह सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे

# शिक्षकों की समस्याओं को लेकर शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल बीएसए से मिला

( यंग भारत न्यूज )



उरई उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जालौन का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष विद्यासागर मिश्र व जिला मंत्री नरेश निरंजन के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिला और शिक्षकों की लंबित समस्याएं रखीं। जिला अध्यक्ष ने कहा कि परिषदीय शिक्षक स्कूल चलो अभियान, नामांकन, डीबीटी, भवन गणना, जनगणना समेत कई कार्यों में व्यस्त हैं। इसके बावजूद सोशल मीडिया रिपोर्ट के आधार पर स्कूल बंद दिखाकर शिक्षकों की वेतन वृद्धि रोकी जा रही है, जो बृहद दंड की श्रेणी में आता है। ऐसी कार्रवाई पर रोक लगे। उन्होंने मांग की कि चिकित्सकीय व बाल्य देखरेख अवकाश के कारण जनगणना प्रशिक्षण में अनुपस्थित शिक्षकों का अवरुद्ध वेतन शीघ्र बहाल किया जाए।प्रतिनिधिमंडल ने समायोजन शासनादेशों के अनुरूप करने व कदौरा ब्लॉक में बिल लिपिक की मनमानी से रुके चयन वेतनमान व एरियर भुगतान के लिए लिपिक को हटाने की मांग भी उठाई। शिक्षकों के सभी अवरुद्ध वेतन तत्काल बहाल करने पर जोर दिया गया।बीएसए ने समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।प्रतिनिधिमंडल में मनीष समाधिया, अरविंद श्रीवास्तव, लालजी पाठक, अभिषेक निरंजन, महेंद्र वर्मा, तालिब बेग, राघवेंद्र सिंह, निर्दोष द्विवेदी, केशब द्विवेदी, लक्ष्मण सिंह सेंगर, संजय सचान, आशीष द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# हीरापुर में आयोजित जन चौपाल में विकास कार्यों की बिदुवार हुई समीक्षा

### एसडीएम ने ग्रामीणों को बताई लाभकारी योजनाएं

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी -उरई।** सरकार आपके द्वार अभियान के तहत एसडीएम मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में ब्लॉक महेबा के हीरापुर मुस्तकिल मे जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में अधिकारियों ने विकास कार्यों तथा शासन की योजनाओं की समीक्षा की गई।

उल्लेखनीय हो कि जनता की समस्याओं के मौके पर निस्तारण के लिए सरकार आपके द्वार के तहत गाँव गाँव चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। चौपाल के माध्यम से विभागीय जिम्मेदार मौजूद रहकर जनता की समस्याओं का निदान कर रहे हैं। चौपाल में एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने 665 जाब कार्डों का सत्यापन किया। 3 चकरोड तथा तालाब के अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही हो गई है। राशन वितरण व्यवस्था के साथ विधवा व बृद्धा पेंशन के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय सहित अन्य विकास योजनाओं की जानकारी ली और उनका मौके पर सत्यापन भी किया। इस दौरान उन्होंने शादी अनुदान। फार्मर ,रजिस्ट्री, विरासत, किसान सम्मान निधि, शिक्षण व्यवस्था, आंगनवाड़ी सहित अन्य योजनाओं की हकीकत परखी तथा जनता को इन योजनाओं के बारे में विस्तार जानकारी भी दी। जन चौपाल में अधिकारियों के अलावा बडी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की।

# कालपी तथा जिले के अन्य स्थानों से लगातार भगाई जा रहीं हैं नाबालिग किशोरिया

### -किशोरी को भगाने के मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

### -पुलिस वापस लाती तो है मगर उनकी इज्जत लुट जाने के बाद

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से 16 वर्षीया किशोरी को भगा ले जाने के मामले में पीड़ित चाचा के द्वारा नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस प्रकरण की विवेचना सब इंस्पेक्टर उपेंद्र कुमार शुक्ला को सौंपी गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक थाना कालपी ने पीड़ित चाचा के द्वारा मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि प्रार्थी ग्राम महेवा का निवासी है। दिनांक 12. 05.2026 को मेरे भाई की नाबालिक पुत्री को गांव का ही आरोपी लड़का राहुल पुत्र रणवीर सिंह निवासी ग्राम महेवा थाना कल की जनपद जालौन मेरी भतीजी को बहला फुसलाकर 12.05.2026 को सुबह 3:00 बजे भाग कर ले गया है। जिसकी उम्र लगभग 16 वर्ष है।

# हैरतअंगेज घटना-विवाहिता से तेजाब पिलाने की कोशिश कर एक लाख रुपए मांगने पर मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई।** कालपी तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम इटौरा में विवाहित महिला को कथित रूप से तेजाब पिलाने की कोशिश कर एक लाख रुपए की मांग करने पर पीड़िता के द्वारा सास तथा देवर के खिलाफ थाना आटा में मुकदमा दर्ज कराया है। इस प्रकरण की विवेचना सब इंस्पेक्टर अनुपम मिश्रा को सौंप गई है।

मामले को लेकर पीड़ित वादिनी रश्मि पुत्री चतुर सिंह निवासी गोरन जिला जालौन ने थाने मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि प्रार्थिनी की शादी ग्राम इटौरा में हुई थी प्रार्थनी ने ससुराल वालों पर आरोप लगाते हुए बताया कि प्रार्थीनी रश्मि के पिता से आरोपियों ने एक लाख रुपए की मांग की और प्रार्थीनी को जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थीनी के पिता के द्वारा मांग को पूरा न करने पर सास व देवर अंकित ने मिलकर प्रार्थीनी के साथ मारपीट करके तेजाब पिलाकर जान से मारने की कोशिश की तथा यह कहकर जान से मार देंगे। यह कहकर वहां से भाग गए।

# सूरज ज्ञान महाविद्यालय कोंच को मिली हिंदी अंग्रेजी भूगोल और राजनीति विज्ञान की मान्यता

( यंग भारत न्यूज )





**कोंच( जालौन )।** कोंच नगर के सर्वोत्कृष्ट महा विद्यालय सूरज ज्ञान महाविद्यालय को बुंदेलखंड विश्व विद्यालय झाँसी द्वारा परास्नातक स्तर पर एम ए पाठ्यक्रम हेतु हिंदी,अंग्रेजी,भूगोल,राजनीति विज्ञान विषय मे सम्बद्धता प्रदान की है। आज बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झाँसी द्वारा जारी सम्बद्धता पत्र के अनुसार सूरज ज्ञान महाविद्यालय परास्नातक स्तर पर एम ए पाठ्यक्रम में हिंदी,अंग्रेजी,भूगोल एवम राजनीति विज्ञान में सत्र 2026-27 में छात्र/छात्राओ के प्रवेश ले सकेगा। उक्त सम्बन्ध में महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ आर बी जैन और प्रबन्धक अंकुर यादव एवम प्रभारी प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से बताया कि कोंच तहसील में परास्नातक स्तर पर एम ए पाठ्य क्रम में हिंदी,अंग्रेजी, भूगोल एवम राजनीति विज्ञान विषय के अध्ययन हेतु अपेक्षा कृत शैक्षिक संस्थान बहुत ही कम थे,सूरज ज्ञान महाविद्यालय ने समाज की आवश्यक ताओं के अनुरूप उच्च शिक्षा हेतु एम ए पाठ्य क्रम में इन विषयों की सम्बद्धता प्राप्त कर छात्र छात्राओ को को उच्च शिक्षा के लिए नए अवसर प्रदान किये है।यहाँ यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व सूरज ज्ञान महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर बीए,बीएससी,बीसीए,बीकॉम,बीएड एवम बीएलएड पाठ्यक्रम संचालित हो रहे है। सूरज ज्ञान महा विद्यालय कोंच को एम ए में हिंदी,अंग्रेजी, भूगोल एवम राजनीति विज्ञान विषय की मान्यता मिलने पर महाविद्यालय स्टाफ सहित छात्र छात्राओ अभिभावकों एवम आम जनमानस ने प्रसन्नता व्यक्त की।

# एसएसआई ने एक वारंटी को दबोचा

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच( जालौन)** ।जिले के पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देशन में कोंच सर्किल के थाना नदीगांव के प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौहान के निर्देश पर वारंटी पकड़ो अभियान चलाया गया जिसमें नदीगांव थाने के एसएसआई राजकुमार चौधरी दीवान उदय सिंह यादव ने अपने घर के बाहर घूम रहे एक वारंटी को गिरफ्तार किया है पकड़े गए वारंटी पर एसटी नम्बर 511/ 2021 अपराध संख्या 111/2020 धारा 323 504 506 और 427 आई पी सी से संबंधित अभियुक्त वारंटी गोलू दोहरे उर्फ सतीश कुमार पुत्र स्व प्रभु दयाल निवासी ग्राम सिकरी बुजुर्ग थाना नदीगांव उम्र करीब 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है और न्यायालय कोंच के समक्ष पेश किया गय

# पूर्व मंत्री हरिओम उपाध्याय ने सपा नेता प्रतीक यादव के निधन पर शोक जताया

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच( जालौन)** ।समाजवादी पार्टी के सीनियर नेता और माधोगढ़ क्षेत्र के पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री पं हरिओम उपाध्याय ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के संस्थापक प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पद्म विभूषित मुलायम सिंह यादव के छोटे पुत्र और सपा प्रमुख पूर्व सीएम अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा है कि सपा नेता प्रतीक यादव के असमय चले जाना निश्चित रूप से बड़ी दुखद घटना है और यह समाजवादी पार्टी के लिये एक क्षति है उन्होंने कहा कि भगवान दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और पीड़ित परिवार को धैर्य धारण करने की शक्ति दे उन्होंने कहा कि इस दुखद और दुर्भाग्य पूर्ण घटना से हम सब पार्टी जन काफी दुखी है

# 34 वर्ष गुजर जाने के बाद भी भवन के लिए तरस रहा अग्निशमन केंद्र

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई।** तहसील कालपी का 34 वर्ष पुराना अग्निशमन केंद्र कर्मचारियों तथा भवन की कमी को लेकर खुद समस्याग्रस्त बना हुआ है। वर्ष 1992 से संचालित उक्त केंद्र को आज तक भवन न होने से कर्मचारी खुले आसमान के नीचे गुजारा करते हैं। जबकि लाखों की कीमत के दमकल के वाहन करीब 2 लावारिस अवस्था में खड़े रहते है।

वर्ष 1992 में शुरू हुआ अग्निशमन केंद्र का कालपी तहसील के जर्जर भवन कैंटीन में अस्थाई तौर पर शुरू कराया गया था। विभाग के द्वारा तमामवार भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया लेकिन 34 साल गुजर जाने के बाद भवन नसीब नहीं हो सका है। उल्लेखनीय हो कि सन 1992 का आसपास उक्त अग्निशमन केंद्र में 3 दर्जन से अधिक दमकल कर्मचारियों की तैनाती रहती थी। लेकिन अब प्रभारी एफएसओ विनोद नायक समेत मात्र 9 कर्मचारियों की तैनाती रह गई है। विभागीय सूत्रों के अनुसार उक्त केंद्र में अग्निशमन अधिकारी एक सेकंड अफसर, दो हवलदार, दो ड्राइवरों 16 फायरमैनो की तैनाती रहनी चाहिए। कर्मचारियों को कमी से समय समय पर आग लगने की घटनाओं को काबू कर पाना कठिन होता है। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी विनोद नायक ने बताया कि जोल्हूपुर मोड़ के पास विभाग को जमीन आवंटित हो गई हैं। जल्द ही कालपी में अग्निशमन केंद्र कालपी का भवन निर्मित हो जाएगा।

# सोने का बेड, कुएं वाला बाथटब, बंगाल में टीएमसी नेता शमीम अहमद के घर मिला सीक्रेट लग्जरी तहखाना, छापा मारने गई टीम रह गई दंग

**( यंग भारत न्यूज )**

पुलिस ने तृणमूल नेता शमीम अहमद, उर्फ 'बारे' के शिवपुर स्थित घर पर छापा मारा। इस दौरान चार मंज़िला इमारत के अंदर छिपा हुआ एक आलीशान फ्लैट मिला। स्थानीय लोगों ने बताया कि छापे के दौरान सोने के पैनल वाला एक सागौन का पलंग भी मिला, लेकिन पुलिस ने इस जानकारी की पुष्टि करने से इनकार कर दिया।



पश्चिम बंगाल से बड़ी चौंकाने वाली खबर सामने आई है। हावड़ा के शिवपुर इलाके में बंगाल पुलिस ने एक बड़ी छापेमारी की। यह छापा टीएमसी के चर्चित और विवादास्पद नेता शमीम अहमद के घर पर पड़ा था। छापेमारी में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। टीएमसी नेता शमीम अहमद के घर के अंदर एक अंडरग्राउंड तहखाना मिला है। यह तहखाना आलीशान और लग्जरी तरीके से बनाया गया था। इस तहखाने के बारे में शमीम अहमद के करीबी लोगों को ही पता था।तहखाने का इंटीरियर देख रह कोई हैरान शमीम अहमद के घर में बने तहखाने में पुलिस की टीम दाखिल हुई तो उसका इंटीरियर देखकर हैरान हो गई। यहां एक के बाद एक कमरों से जुड़े कई अंडरग्राउंड कमरे बने थे। यहां महंगे फर्नीचर, बेड, टीवी समेत कई ब्रांडेड आइटम मिले। यहां तक कि तहखाने में ष्टष्टञ्जङ्क लगा था। इसमें पूरे घर के कैमरों का एक्सेस था। तहखाने में भी सीसीटीवी कैमरा लगा था। हावड़ा में शिवपुर चौराबस्ती इलाके में बीते दिनों चुनावी हिंसा और बमबाजी हुई थी। पुलिस मामले में आरोपी शमीम अहमद के घर इसी सिलसिले में छापा मारने पहुंची थी। शमीम अहमद मध्य हावड़ा में टीएमसी के एक जाने-माने स्थानीय नेता हैं। चुनावी हिंसा मामले में केस दर्ज होने के बाद से शमीम अहमद फरार है। ठिकाने के बारे में जानकारी मिलने पर शिवपुर पुलिस स्टेशन की टीम वॉर्ड 36 में स्थित शमीम अहमद के घर पर छापा मारने पहुंची थी। पुलिस ने बताया कि घर के बाकी हिस्सों में जहां आम ज़रूरत का ही सामान था, वहीं इस छिपे हुए हिस्से में आलीशान इंटीरियर, ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे, एक बेडरूम, लिविंग रूम, किचन और बाथरूम बने हुए थे। पुलिस ने बताया कि इन चीज़ों की क़ीमत का आकलन किया जाएगा। एक बेड था, जो गोल्डन रंग का था। इस बेड को सोने का बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस इसकी जांच कर रही है। यहां बाथरूम में एक कुएं जैसा बाथटब भी बना था।

# कर्नाटक के मदरसे में हो रही थी ऐसी हैवानियत! भाग निकले 24 बच्चे; फिर खुली मौलाना की हकीकत

**( यंग भारत न्यूज )**

कर्नाटक के तुमकुरु ज़िले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आ रहा है. जिसे जानने के बाद आप शायद ही अपने बच्चों को मदरसे पढ़ना न भेजें. दरअसल, यहां एक मदरसे के शिक्षक ने हर हद पार कर दी जिसके बाद उस पर स्नङ्घक्रदर्ज कराई गई है. बता दें कि उन पर सीधा-सीधा आरोप है कि उन्होंने बच्चों को शारीरिक यातनाएँ दीं और उनसे ज़बरदस्ती बंधुआ मज़दूरी करवाई. यह मामला तब सामने आया, जब मदरसे में हो रहे अत्याचारों से परेशान होकर 24 बच्चों ने वहाँ से भागने की कोशिश की तो ये मामला सुर्ख़ियों में आ गया और वो बिहार पहुंच गए.



आपकी जानकारी के लिए बता दें कि तुमकुरु ज़िले के अमलापुरा गाँव में स्थित एक मदरसे में 8 से 17 साल की उम्र के बच्चों को रखा गया था. बताया जा रहा है कि मदरसे के अंदर बच्चों के साथ हैवानों से भी बदतर सुलूक किया जाता था और उनसे ज़बरदस्ती शारीरिक श्रम भी करवाया जाता था. बच्चों ने बताया कि उनसे ज़बरदस्ती निर्माण कार्य करवाया जाता था, जैसे कि मदरसे की चारदीवारी बनाना. लगातार हो रहे अत्याचारों से तंग आकर, 24 बच्चों ने मदरसे से भागने का फ़ैसला किया. सभी बच्चे ट्रेन से बिहार में अपने घरों को लौटने की कोशिश कर रहे थे. इसी सफ़र के दौरान, रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने बेंगलुरु के क्रांतिवीरा संगोल्ली रायन्ना रेलवे स्टेशन पर इन बच्चों को देखा. बच्चों का व्यवहार संदिग्ध लगने पर अधिकारियों ने उनसे पूछताछ की. पूछताछ के दौरान, बच्चों ने मदरसे में अपने साथ हुई पूरी आपबीती सुनाई, जिसमें शारीरिक शोषण, अमानवीय व्यवहार और ज़बरदस्ती मज़दूरी शामिल थी. बच्चों के खुलासे के बाद, रेलवे सुरक्षा बल ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को इस मामले की जानकारी दी. इसके बाद, बच्चों को सुरक्षित हिरासत में ले लिया गया और बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया. फ़िलहाल, बच्चों की काउंसलिंग की जा रही है, ताकि उन्हें मानसिक रूप से उबरने में मदद मिल सके.

# दिल्ली में नकली नोटों की सप्लाई, अलीगढ़ पुलिस ने किया गैंग का भंडाफोड़

## 7.70 लाख की फेक करेंसी बरामद

**( यंग भारत न्यूज )**

**अलीगढ़।** प्रदेश के अलीगढ़ जिले में पुलिस ने नकली नोटों की तस्करी करने वाले एक अंतर्राज्यीय गैंग का पर्दाफाश करते हुए गैंगलीडर समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से कुल 7 लाख 70 हजार रुपये की नकली भारतीय करेंसी बरामद की गई है.गोरई थाना पुलिस और क्रिमिनल इंटेलीजेंस विंग (देहात) की संयुक्त टीम की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है.



पुलिस के अनुसार, गोरई थाने में दर्ज मुकदमे के तहत कार्रवाई करते हुए टीम ने लंबे समय से सक्रिय इस गैंग का खुलासा किया. गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान जिकरूल हसन पुत्र अहमद हसन निवासी भुजपुरा (कासगंज), बसीम पुत्र नसीम निवासी ख्याला (नई दिल्ली), आसिफ पुत्र मोहम्मद शकील निवासी कासगंज और फरमान पुत्र वासिफ निवासी ख्याला के रूप में हुई है. इनमें जिकरूल हसन को गैंग का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है. पुलिस जांच में सामने आया है कि यह गिरोह दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में नकली नोटों की सप्लाई करता था. गैंग के सदस्य बाजारों और ग्रामीण क्षेत्रों में असली नोटों के साथ नकली करेंसी खपाने का काम करते थे. पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग बड़ी मात्रा में नकली नोटों की खेप लेकर सक्रिय हैं, जिसके बाद थाना गोरई पुलिस और क्रिमिनल इंटेलीजेंस विंग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को दबोच लिया. गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 7.70 लाख रुपये की नकली करेंसी बरामद की. पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि नकली नोट कहां छापे जा रहे थे और इस नेटवर्क से और कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं. मामले में अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है. ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (अलीगढ़) ने बताया कि गोरई पुलिस और क्रिमिनल इंटेलीजेंस विंग की संयुक्त कार्रवाई में नकली नोटों की तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गैंग का खुलासा किया गया है. चार आरोपियों को गिरफ्तार कर 7.70 लाख रुपये की नकली करेंसी बरामद की है. मामले की विस्तृत जांच जारी है.

# यूपी के दफ्तरों में दो दिन 'वर्क फ्रॉम होम' और शादियों के लिए घरेलू स्थलः सीएम योगी का बड़ा फैसला



**( यंग भारत न्यूज )**

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शासन-प्रशासन में मितव्ययिता (किफायत) और ऊर्जा संरक्षण की एक नई कार्यसंस्कृति की शुरुआत की है। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद हुई पहली औपचारिक बैठक में मुख्यमंत्री ने कई महत्वपूर्ण और कड़े निर्देश दिए हैं, जिनका उद्देश्य सरकारी खर्चों में कटौती करना और संसाधनों का संरक्षण करना है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का आचरण ही जनता के लिए सबसे बड़ा संदेश होता है। मुख्यमंत्री ने ऊर्जा और ईंधन संरक्षण की दिशा में कदम उठाते हुए निर्देश दिए हैं कि जिन संस्थानों या कार्यालयों में 50 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां सप्ताह में कम से कम दो दिन 'वर्क फ्रॉम होम' (घर से काम) की व्यवस्था अपनाई जाए। इसके अलावा, सरकारी दफ्तरों और सचिवालयों में एसी का तापमान 24 से 26 डिग्री के बीच रखने और लिफ्ट का आवश्यकतानुसार ही उपयोग करने को कहा गया है। आमजन और खास वर्ग के लिए एक महत्वपूर्ण सलाह देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शादी-विवाह जैसे समारोहों के लिए महंगे होटलों या व्यावसायिक स्थलों के बजाय घरेलू स्थलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इससे न केवल अनावश्यक खर्च रुकेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने मंत्रियों को यह भी निर्देश दिया कि वे किसी को उपहार देते समय केवल उत्तर प्रदेश के 'एक जिला-एक उत्पाद' के उत्पादों का ही चयन करें। ईंधन बचाने और पर्यावरण संरक्षण का उदाहरण पेश करने के लिए मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों से सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन (जैसे मेट्रो, बस, ई-रिक्शा या साइकिल) का उपयोग करने और अपनी सुरक्षा फ्लीट के वाहनों को 50 प्रतिशत तक कम करने का आह्वान किया है। साथ ही, अगले छह माह तक मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की विदेश यात्राओं पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है, ताकि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में आर्थिक अनुशासन बना रहे।

# दाह संस्कार क्यों जरूरी होता है लेकिन हिंदुओं में कौन से समुदाय मृतक को नहीं लगाते हैं आग?

**( यंग भारत न्यूज )**

**लखनऊ।** प्रतीक यादव के निधन के बाद उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया है. प्रतीक को उनके ससुर यानी पत्नी अपर्णा के पिता ने मुखाग्नि दी. इस दौरान अखिलेश यादव, शिवपाल यादव सहित परिवार के लोगों के साथ ही राजनीतिक और सामाजिक लोग जुटे.



एक बड़े सियासी परिवार से ताल्लुक रखने वाले प्रतीक अब पंचतत्व में विलीन हो चुके हैं. हिंदू धर्म और दर्शन में दाह संस्कार केवल पार्थिव शरीर को नष्ट करने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह एक गहरा आध्यात्मिक विज्ञान है. अब सवाल है कि हिंदुओं में दाह संस्कार क्यों जरूरी होता है और साथ ही हिंदू धर्म के ही कुछ ऐसे समुदाय भी हैं, जो मृत्यु के बाद मृतक के शरीर को आग नहीं लगाते हैं. आइए जानते हैं हर सवाल का जवाब. हिंदू धर्म में मृत्यु को अंत नहीं, बल्कि आत्मा की एक यात्रा का पड़ाव माना जाता है. दाह संस्कार, हिंदू धर्म के 16 संस्कारों में से अंतिम संस्कार है. इसका मुख्य उद्देश्य शरीर को उसके मूल तत्वों में वापस लौटाना और आत्मा को सांसारिक मोह से मुक्त करना है. हिंदू धर्मग्रंथों और विशेषकर गरुड़ पुराण के अनुसार दाह संस्कार के पीछे मुख्य रूप से तीन कारण होते हैं. इसके साथ ही वैज्ञानिक और मनोवैज्ञानिक कारण भी होता है. पंचतत्वों की वापसी: हिंदू दर्शन के अनुसार शरीर पांच तत्वों से मिलकर बना है. इनमें पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश शामिल हैं. मृत्यु के बाद इन तत्वों को उनके मूल स्रोत में वापस लौटाना अनिवार्य है. अग्नि को 'पावक' यानी कि शुद्ध करने वाला माना गया है, जो शरीर को नष्ट कर उसे प्रकृति के मूल तत्वों में तुरंत विलीन कर देती है. सूक्ष्म शरीर और मोह का त्याग: शास्त्रों के अनुसार मृत्यु के बाद भी आत्मा का अपने शरीर और परिवार के प्रति मोह तुरंत समाप्त नहीं होता है. वह शव के आसपास ही भटकती रहती है. जब शरीर पूरी तरह जलकर राख हो जाता है, तो आत्मा को यह बोध होता है कि अब रहने के लिए कोई घर (शरीर) नहीं बचा है. इससे आत्मा सांसारिक बंधनों को तोड़कर अपनी आगे की यात्रा, जैसे पितृलोक या पुनर्जन्म पर निकल पाती है. नकारात्मक ऊर्जा से मुक्तिः ऐसा माना जाता है कि यदि शव को लंबे समय तक रखा जाए या वह ठीक से नष्ट ना हो, तो उस पर नकारात्मक शक्तियां या 'पिशाच' हावी हो सकते हैं. अग्नि शव को शुद्ध कर इसे किसी भी तांत्रिक या नकारात्मक दुरुपयोग से बचाती है. वैज्ञानिक नजरियाः वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखें तो भी मृतक के शरीर को नष्ट करना जरूरी है. मृत्यु के बाद शरीर में बैक्टीरिया पनपने लगते हैं और संक्रमण फैलने का खतरा रहता है. अग्नि द्वारा शरीर का दहन संक्रमण को जड़ से खत्म करने का सबसे प्रभावी और स्वच्छ तरीका है. मनोवैज्ञानिक जरूरतः मृतक का अपने परिवार की आंखों के सामने ही शरीर का राख बन जाना इस सत्य को स्वीकार करने में मदद करता है कि व्यक्ति अब इस संसार में नहीं रहा.

हिंदू धर्म के भीतर ही कुछ ऐसे समुदाय और स्थितियां हैं, जहां दाह संस्कार की बजाय समाधि का विधान है. इसमें भू-समाधि या जल-समाधि तक शामिल है.

लिंगायत समुदाय

कर्नाटक और दक्षिण भारत के लिंगायत (वीरशैव) समुदाय के लोगों का दाह संस्कार नहीं किया जाता है. वे शव को जलाते नहीं बल्कि दफनाते हैं. लिंगायत दर्शन के अनुसार भक्त हमेशा शिव (इष्टलिंग) के साथ जुड़ा रहता है और मृत्यु के बाद वह 'शिवयोग' में लीन हो जाता है. वे शव को बैठने की मुद्रा में दफनाते हैं, जिसको इष्टलिंग मुद्रा कहा जाता है.

बिश्नोई समुदाय

राजस्थान का बिश्नोई समुदाय भी अपने मृतकों को दफनाता है. इनमें अग्नि से जलाए जाने का नियम नहीं है. इसका कारण यह है कि इस समुदाय के प्रवर्तक गुरु जम्भेश्वर जी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए 29 नियम दिए थे. अब चूंकि दाह संस्कार में बहुत अधिक लकड़ी जलानी पड़ती है, इसलिए पेड़ों को बचाने के उद्देश्य से उन्होंने शवों को दफनाने की परंपरा शुरू की. यह समुदाय प्रकृति से लगाव की वजह से चर्चित है. नागा साधु, अघोरी और उन संन्यासियों का दाह संस्कार नहीं किया जाता है, जिन्होंने विधिवत दीक्षा ली हुई है. संन्यास लेते समय ये लोग अपना 'जीवित श्राद्ध' खुद कर लेते हैं और स्वयं को सांसारिक मोह से मुक्त कर लेते हैं. उनका शरीर पहले से ही पवित्र माना जाता है, इसलिए उन्हें अग्नि द्वारा शुद्ध करने की आवश्यकता नहीं होती. उन्हें अक्सर पद्मासन की मुद्रा में भू-समाधि दी जाती है. आमतौर पर 2 से 5 साल तक की आयु के बच्चों की मृत्यु होने पर उन्हें दफनाया जाता है या जल-समाधि दी जाती है.

# ना भाई ना भतीजा और ना ही बेटी, फिर किसने दी प्रतीक को मुखाग्नि? कौन है वो शख्स?

**( यंग भारत न्यूज )**




यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव का लखनऊ के बैकुंठ धाम मे अंतिम संस्कार हो गया है। अंतिम यात्रा में परिवार के सदस्यों के अलावा हजारों की संख्या में अन्य लोग भी पहंचे। जिसमें बुजुर्ग से लेकर बच्चे और महिलाएं क नजर आईं। वहीं योगी सरकार के कई मंत्री-विधायक सभी नजर आए। अब सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर प्रतीक यादव को किसने मुखाग्नि दी। क्योंकि ना तो भाई अखिलेश दी और ना ही भतीया अर्जुन और ना ही उनकी दोनों बेटियों ने, तो आइए जानते हैं कौन है वो शख्स जिसने सबसे पहले चिता को दी आग।

दरअसल, सूत्रों के अनुसार, जो खबर सामने आ रही है, उसके मुताबिक, प्रतीक यादव के पार्थिव शरीर को उनकी पत्नी अपर्णा के पिता यानि ससुर अरविंद बिष्ट चिता को मुखाग्नि दी है। बताया जा रहा है कि उन्होंने ही अंतिम संस्कार की सभी रस्में की। हालांकि इस वक्त श्मशान में पत्नी अपर्णा, दोनों बेटियों के अलावा सपा प्रमुख अखिलेश यादव, पत्नी डिंपल यादव उनके बेटे अर्जुन और शिवपाल यादव भी पहुंचे हैं। अखिलेश यादव ने भाई प्रतीक की चिता पर लकड़ी रखी और उनको प्रणाम किया। वहीं प्रतीक की पत्नी अपर्णा दोनों बेटियां और चाचा शिवपाल यादव ने चिता पर लड़की रख अंतिम नमन किया। इस दौरान मौके पर मौजूद हजारों समर्थकों ने प्रतीक यादव...प्रतीक भैया अमर रहें के नारे भी लगा। हालांकि अंतिम संस्कार कराने वाले पंडित ध्रुव कुमार तिवारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा- अगर अखिलेश यादव या उनके बेटे से मुखाग्नि देते तो अच्छा होता। बता दें कि प्रतीक यात्रा की अंतिम यात्रा से पहले आज सुबह जब शव को अंतिम दर्शन के लिए घर के अंदर रखा गया था। इस दौरान कई लोगों ने जाकर दर्शन किए और पुष्पांजलि दी। स्वामी अवधेशानंद गिरि, दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने प्रतीक को श्रद्धांजलि दी।

# यूपी में आंधी-तूफान से 63 से ज्यादा मौतें, सीएम योगी के सख्त निर्देश, 24 घंटे के अंदर पीड़ितों को मिले मुआवजा

**( यंग भारत न्यूज )**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बुधवार शाम को मौसम का कहर देखने को मिला. राज्य के कई जिलों में आंधी तूफान और भारी बारिश से कई लोगों की मौत हो गई. कई जगह पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर गए. इससे ट्रैफिक प्रभावित हो गया. मिर्जापुर जिले में आंधी पानी के कारण अलग-अलग थाना क्षेत्र में अब तक कुल 17 लोगों की जान चली गई है. वहीं फतेहपुर में 7 लोगों की मौत हो गई. बरेली में 4 लोगों की मौत हो गई है. जबकी कानपुर और कौशांबी में एक एक लोगों की मौत हो गई. वहीं जानमाल को भी भारी नुकासन पहुंचा है.




फतेहपुर जनपद में बुधवार शाम आए तेज आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई है. अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दीवार गिरने, पेड़ टूटने और टीन शेड ढहने की घटनाओं में दो महिलाओं समेत सात लोगों की दर्दनाक मौत हो गई. हादसों के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया है, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. एडीएम अविनाश त्रिपाठी के मुताबिक, गाजीपुर थाना क्षेत्र के डोढ़ावर गांव निवासी 12 वर्षीय ऋतिक की मौत टीन शेड गिरने से हुई. कौशाम्बी जिले में बुधवार देर शाम मौसम में आए अचानक बदलाव ने दो गांवों के कई परिवारों की खुशियां मातम में बदल गई. जिले में आई तेज आंधी के कारण दो बड़े हादसे हो गए, जिसमें पेड़ की डाल गिरने से एक वृद्ध महिला को अपनी जान गंवानी पड़ी. वही दूसरी ओर आंधी की वजह से उड़ी एक चिंगारी ने कई घरों में को अपनी चपेट में ले लिया. इस अग्निकांड में घरों में रखे सामान जलकर राख हो गए. वहीं एक मवेशी की जलकर मौत हो गई और कई मवेशी झुलस भी गए हैं. दोनों घटनाओं में राजस्व टीम मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दिया है. पहली घटना सिराथू तहसील के तरसौरा गांव की है, जहां तेज आंधी के दौरान अचानक खेत में आग लग गई. आशंका जताई जा रही है कि तेज हवा के कारण खेत से निकली चिंगारी पास के रिहायशी इलाके तक पहुंच गई, जिससे कई घरों में आग फैल गई. कुछ ही देर में आग ने गांव के शिव बाबू, सुखदेव राकेश कुमार आदि के मकानों को अपनी चपेट में ले लिया. आग आग बुझाने के लिए ग्रामीण हैंडपंप और नलकूपों के सहारे लगातार प्रयास करते रहे. सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड़ की टीम ने आग पर काबू पाया, हालांकि तब तक काफी नुकसान हो चुका था. वहीं दूसरी घटना सिराथू तहसील के ही केसारी गांव की है. जहां की रहने वाली वृद्ध महिला शकुंतला देर शाम अपने घर के पास कुछ काम कर रही थीं. तभी अचानक तेज आंधी आई और घर के पास स्थित एक पुराने पेड़ की विशालकाय डाल टूटकर सीधे शकुंतला के ऊपर जा गिरी. ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद डाल को हटाकर महिला को बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी. दोनों घटनाओं की जानकारी मिलने पर राजस्व टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है. वहीं सैनी थाने की पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. फिलहाल सिराथू एसडीएम, तहसीलदार और लेखपाल गांव पहुंच कर नुकसान का आंकलन कर रहे हैं. सिराथू तहसील में एसडीएम योगेश कुमार गौड़ ने जल्द मुआवजा दिए जाने की बात कही है.

# बांदा में हुआ भीषण सड़क हादसा, चार की हुई दर्दनाक मौत







- **स्कॉर्पियो कर गैस सिलेंडर से भरे डीसीएम से टकराई**
- **कार में पुरुष ड्राइवर, तीन महिलाएं और एक बच्ची थी सवार**
- **बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे में आजमगढ़ से महोबा जा रहा था परिवार**

**बांदा यूपी।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में एक भीषण दर्दनाक सड़क हादसा हो गया जिसमें तीन महिला सहित एक पुरुष ड्राइवर की मौत हो गई वहीं एक बच्ची गंभीर रूप से घायल है जिसका इलाज जिला अस्पताल में कराया जा रहा है।

आपको बता दे कि रूह कपा देने वाला यह हादसा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे में हुआ जहां हादसे के बाद पहुंचे पुलिस अधीक्षक और जिला अधिकारी ने बताया कि हादसे का शिकार हुआ पूरा परिवार महोबा जिले का रहने वाला था जो की आजमगढ़ से महोबा जा रहे थे तभी एक डीसीएम जो की गैस सिलेंडर से भरा हुआ एक्सप्रेसवे किनारे खड़ा हुआ था और पीछे से स्कॉर्पियो कार आ रही थी। जिसमें हादसे का शिकार हुआ परिवार मौजूद था ड्राइवर की अचानक झपकी लग जाने के कारण स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर डीसीएम में जा घुसी हादसा इतना भयंकर था कि स्कॉर्पियो कार डीसीएम के पिछले हिस्से में घुस गई और डीसीएम के पर खच्चे उड़ गए वही कार में मौजूद लोग अंदर ही फंसे रह गए जिन्हें क्रेन और कटर की सहायता से कार को काटकर बाहर निकाला गया कार के अंदर तीन महिलाएं एक बच्ची और पुरुष ड्राइवर मौजूद था कुल मिलाकर पांच लोग कार में मौजूद थे जिनमें से चार की मौत हो गई और एक बच्ची जो की गंभीर रूप से घायल है और उसका इलाज अधिकारियों की निगरानी में किया जा रहा है। थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 24 घण्टे के भीतर छिनैती की घटना को अंजाम देने वाले 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार । अभियुक्त के कब्जे से छिनैती के नगद रुपए, बैंक के दस्तावेज व घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद ।

विवरण– पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 14.05.2026 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में छिनैती की घटना को अंजाम देने वाले 02 अभियुक्तों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया । गौरतलब हो कि दिनांक 13.05.2026 को थाना गिरवां क्षेत्र के ग्राम छिबाँव के रहने वाले विवेक तिवारी के साथ 02 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा स्कूटी से आकर बैंग व नगद रुपये की छीनने की घटना को अंजाम दिया गया । जिसके सम्बन्ध में तत्काल थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर सीसीटीवी फुटेज, यक्ष एप व मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्तों को मेडिकल कॉलेज बांदा के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है । अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा जुर्म स्वीकार किया गया । अभियुक्तों के कब्जे से छिनैती के रुपये, बैंक के दस्तावेज व घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद हुए है ।

बरामदगी–
03 हजार रुपए नगद बरामद
01 इंडियन बैंक की पास बुक
स्कूटी ( घटना में प्रयुक्त )

गिरफ्तार अभियुक्त–
1. अमन पुत्र रामनारायण निवासी पोड़ाबाग अलीगंज थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा ।
2. सार्थक पुत्र अशोक निवासी कालूकुआं थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा ।

पंजीकृत अभियोग–
मु0अ0सं0 229/26 धारा 304(2) /317(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा ।

गिरफ्तार करने वाली टीम–
1. श्री बलराम सिंह थाना प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर
2. उ0नि0 श्री वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी (चौकी प्रभारी मेडिकल कॉलेज )
3. कां0 अश्वनी कुमार
4. कां0 दिनेश कुमार शर्मा
5. कां0 हर्ष तिवारी

# खैर इंटर कॉलेज गुरसरांय में समर कैंप का हुआ आयोजन

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय( झांसी )।** 14 मई गुरुवार को खैर इंटर कॉलेज गुरसरांय में समर कैंप 2026 (ग्रीष्मकालीन शिविर) का आयोजन बच्चों की रचनात्मकता,आत्मविश्वास और जीवन कौशल बढ़ाने के लिए किया गया। ये कैंप खेल,कला,शिक्षा और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को शारीरिक व मानसिक रूप से सक्रिय रखते हैं। कार्यक्रम का शुभारम्भ खैर इंटर कॉलेज गुरसरांय के प्रधानाचार्य पंडित धनप्रकाश तिवारी द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य पंडित धनप्रकाश तिवारी ने बताया कि इसका उद्देश्य आप सभी बच्चों में रचनात्मकता,टीम वर्क,आत्मविश्वास और सामाजिक उत्साह बढ़ाना है। लोक कला,सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय भाषाओं के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समर कैंप बच्चों को छुट्टियों में कुछ नया सीखने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करते हैं। इस दौरान विद्यालय में बच्चों ने आर्ट,योग,नृत्य,गीत संगीत व खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस मौके पर समस्त शिक्षकगण सहित विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

# बिधायक जवाहरलाल राजपूत ने बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान की बात मुख्यमंत्री तक पहुंचाई

## गरौठा विधायक ने सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाए जाने की मांग की

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि से जायद की मूंग की फसल को हुए नुकसान का सर्वे करवाकर मुआवजा दिलाए जाने को लेकर गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है.मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में गरौठा विधायक जवाहर राजपूत ने कहा कि झांसी जनपद की मोंठ तहसील में जायद की फसल के रूप में मूंग एवं उर्द की फसल बहुतायत में बोई जाती है. 05 मई को मोंठ तहसील के जेरा, बजीता, बरनाया, बेलमा, दतावली, सेरसा, ग्यारई, धोरका, सिकन्दरा, खकल, पूँछ, आमखेरा सहित अन्य ग्रामों में अत्यधिक बारिश, आंधी एवं ओलावृष्टि होने से मूंग की फसल को भारी नुकसान पहुँचा है, जिससे किसानों की आमदनी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है. किसानों के द्वारा लगातार शिकायतें की जी रही है कि उक्त जायद फसलों में बेमौसम अत्यधिक बारिश, आंधी एवं ओलावृष्टि से भारी मात्रा में नुकसान हुआ है. विधायक ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया कि उन्होंने इन ग्रामों में हुये नुकसान को मौके पर जाकर देखा, जिसमें जो मूँग की फलिया लग गई थीं वो जमीन पर गिर गई हैं.

इसे देखते हुए इन ग्रामों का प्लाट टू प्लाट सर्वे कराकर मूंग की फसल में हुये नुकसान का मुआवजा दिलवाने की कार्यवाही की जाए. कृषि मंत्री की बैठक में गरौठा विधायक ने उठाए किसानों के मुद्दे गरौठा विधायक जवाहरलाल राजपूत ने लखनऊ में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के सामने क्षेत्र में हुए फसल नुकसान का मुद्दा उठाया. गरौठा विधायक ने कहा कि पिछले दिनों भारी बारिश एवं ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है. किसानों की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है, उन्हें मुआवजा जल्द से जल्द दिलवाया जाए. इसके अलावा गरौठा विधायक ने क्षेत्र के किसानों की अन्य समस्याओं को भी कृषि मंत्री के सामने रखा. विधायक ने मटर के समर्थन मूल्य दिलाए जाने, समथर मंडी के विस्तार की बात उठाई. कृषि मंडियों की सड़कों को सुधारे जाने की मांग की. इसके साथ धान की कटाई के लिए रैक बेलर उपलब्ध कराने की भी मांग उठाई. इसके साथ चना, मसूर राई बिना फार्मर रजिस्ट्री के खरीदे जाने एवं मोंठ में अत्यधिक पैदावार के साथ धान के निर्यात की मांग भी उठाई है.

# भाजपा नेता आशीष उपाध्याय फिर गए जेल

( यंग भारत न्यूज )



**झाँसी।** जनपद में भाजपा नेता आशीष उपाध्याय की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। बुधवार को सौ करोड़ रुपये के सट्टा सिंडिकेट मामले में हाईकोर्ट से राहत मिलने के बाद जेल से बाहर आए आशीष को पुलिस ने दोबारा गिरफ्तार कर लिया था। गुरुवार को सीपरी बाजार और प्रेमनगर थाना पुलिस भारी सुरक्षा के बीच उसे कोर्ट लेकर पहुंची, जहां करीब तीन घंटे तक कानूनी प्रक्रिया चली।

आशीष उपाध्याय को पहले सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। यहां रॉयल सिटी सट्टा सिंडिकेट मामले में सीपरी बाजार थाने की पुलिस ने उसकी रिमांड मांगी थी। हालांकि कोर्ट ने पुलिस की दलीलों को खारिज करते हुए रिमांड आवेदन निरस्त कर दिया। इसके बाद आशीष को डकैती कोर्ट में पेश किया गया, जहां जज ने उसकी जमानत याचिका खारिज करते हुए उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक आशीष उपाध्याय के खिलाफ प्रेमनगर थाने में रंगदारी और लूट का मामला दर्ज किया गया है। माना जा रहा है कि इसी मामले में उसकी मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। सौ करोड़ रुपये से ज्यादा के सट्टा सिंडिकेट मामले में नाम आने के बाद जब पहली बार आशीष उपाध्याय सामने आया था, तब उसके चेहरे पर आत्मविश्वास और मुस्कान साफ दिखाई दे रही थी। बुधवार को हाईकोर्ट से रिहाई के बाद जेल से बाहर निकलते समय भी उसके हावभाव सामान्य थे। लेकिन गुरुवार को जब उसे दो अलग-अलग मामलों में कोर्ट लाया गया तो उसके चेहरे पर मायूसी साफ दिखाई दी। कोर्ट परिसर में मौजूद लोगों का कहना था कि इस बार आशीष पहले की तुलना में काफी दबाव में नजर आया। जानकारों की मानें तो प्रेमनगर थाने में दर्ज लूट और रंगदारी का मामला उसके लिए बड़ी कानूनी चुनौती बन सकता है। डकैती कोर्ट से न्यायिक हिरासत में जेल भेजे जाने के बाद जब पुलिस आशीष उपाध्याय को लेकर कोर्ट परिसर से बाहर निकली तो मीडिया ने उससे दोबारा गिरफ्तारी को लेकर सवाल किया। इस पर आशीष ने कहा, आप लोग सब देख ही रहे हैं। मुझे महाकाल पर भरोसा है, वो सब ठीक करेंगे। गौरतलब है कि बीते दिनों नवाबाद थाना और एसओजी की संयुक्त कार्रवाई में करोड़ों रुपये के सट्टा नेटवर्क का खुलासा हुआ था। इस मामले में आशीष उपाध्याय का नाम सामने आने के बाद से पुलिस लगातार उसके खिलाफ कार्रवाई कर रही है। आशीष उपाध्याय उपाध्याय को सौ करोड़ के सट्टा मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजने वाली पुलिस को हाईकोर्ट से तगड़ा झटका लगा और कोर्ट ने आशीष की गिरफ्तारी से लेकर रिमांड पर सुनवाई करते हुए अवैध करार दिया। कोर्ट का आदेश मिलते ही झांसी जेल में बंद आशीष उपाध्याय को नौ दिन बाद बुधवार को जेल से रिहा कर दिया गया था। जेल से बाहर आते हुए आशीष का कॉन्फिडेंस भी हाई नजर आ रहा था। हालांकि, पुलिस ने उसे रॉयल सिटी सट्टा सिंडिकेट मामले में जेल के बाहर से ही गिरफ्तार कर लिया था। यहां आशीष इस बात को लेकर आस्वस्त था कि एक ही तरह के दूसरे मामले में भी उसे राहत मिल जाएगी। गुरुवार को ऐसा हुआ भी और सीजेएम कोर्ट ने पुलिस की रिमांड खारिज कर दी। लेकिन लूट के मामले में आशीष को जेल जाना पड़ा है।

# माया रूपी आवरण का हरण है चीर हरण लीला-पं अरविंद शास्त्री

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** ग्राम बरौटा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन भगवान कृष्ण की महारास लीला का वर्णन किया गया। भागवत कथा व्यास आचार्य अरविंद शास्त्री परसुवा वालों ने भगवान की दिव्य महारास का वर्णन करते हुए कहा कि जीवात्मा एवं परमात्मा का मिलन महारास लीला है ।यह संसार के मिलन की लीला नहीं है।

उन्होंने चीर हरण प्रसंग में कहा कि जीवात्मा एवं परमात्मा के मिलन में माया रूपी आवरण पड़ा रहता है जिससे जीव निकट रहते परमात्मा को नही पहिचान पाता,भगवान ने उसी माया के आवरण को हटाकर अपने व्यापक स्वरूप का ज्ञान गोपियों को कराया। इसके बाद रुक्मिणी विवाह के प्रसंग में उन्होंने भाव विभोर किया। भागवत कथा का मूल पाठ आचार्य राम सेवक शास्त्री ने किया। संगीतमय कथा में ऑर्गन एवं सह गायन पर प्रमोद गोस्वामी एवं बीरेन्द्र सिंह,नाल पर जीतू पैड पर बॉबी ने संगठनकी।

भागवत कथा की आरती परीक्षित श्रीमती रामदेवी एवं नरेंद्र पटेल ने की। कथा में मुख्य अतिथि गरौठा विधायक के पुत्र भाजपा नेता राहुल राजपूत ने आरती की। कथा में विजय नन्ना, किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष कमलेश लंबरदार इमलोटा ,कुलदीप पटेल प्रधान सिंगार,पुष्पेंद्र पटेल, विमलेश पटेल ,अवधेश पटेल , रवि पटेल ,रामकिशुन पटेल ,हर प्रसाद ,देवेंद्र पटेल, नयन पटेल, घनेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# मानस गोष्ठी में वक्ताओं ने राम चरित मानस के गूढ़ तत्वों की विवेचना की

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** श्री राम चरित मानस के गूढ़ तत्वों पर विवेचनात्मक विद्वत गोष्ठी का आयोजन स्थानीय एक बाटिका में संगीतगुरु पं परशुराम पाठक की अध्यक्षता में किया गया,जिसमें मानस वेत्ताओं ने श्री राम चरित मानस में आये गूढ़ प्रसंगों की व्याख्या की।

गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में पधारे रामायणी पं राजेन्द्र पाठक महाराज इटायल ने बाल्मीकि रामायण एवं दोहावली कविता वली के अनेक प्रसंगों का वर्णन किया ।पं परशुराम पाठक ने अयोध्या के मानस वेत्ता श्री सीताराम शरण क़िलाधीश के द्वारा गूढ़ तत्वों की विवेचना की। इसके अलावा पं कृष्णकुमार तिवारी,पं रामेश्वर प्रसाद पाठक आदि ने भी मानस पर अपने व्याख्यान दिए। संचालन सितार वादक पं सरजू शरण पाठक ने किया ।अंत मे गौ सेवक पं अखिलेश तिवारी सुट्टा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर ओ पी शर्मा,रामबाबू शर्मा,शिवकुमार तिवारी,पं सुरेन्द्र कुमार देवलिया,अवनीश देवलिया,पी एन दुवे,प्रसिद्ध नारायण सिंह यादव,महेंद्र देवलिया,मनीराम कुशवाहा मऊरानीपुर ,राम नारायण पस्तोर, दीपू अस्ता ,आदर्श दीक्षित ,ठाकुरदास तिवारी ,सुनील कुमार व्यास आदि उपस्थित रहे।

# कैलाश पाल बने बसपा के झांसी मण्डल के मुख्य प्रभारी मण्डल

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी** ।बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन में किया फेर बदल ।झांसी मंडल का मुख्य मंडल प्रभारी कैलाश पाल को नियुक्त किया।कैलाश पाल को रविकांत मौर्य के स्थान पर लगाए गए हैं।कैलाश पाल पूर्व में भी कई पदों पर रह चुके हैं। बहन जी ने रविकांत को सभी जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया है।इस आशय की जानकारी जिला अध्यक्ष बी डी फुले ने दी।

# ऑन लाइन सट्टा बुकिंग करते दो गिरफ्तार, मोबाइल बरामद, लाखों की नकदी फ्रिज कराई

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** ऑन लाइन क्रिकेट सट्टा माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना प्रेमनगर पुलिस ने दो सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन लाख 29 हजार 216 की कॉइनस ओर बैंक खाते में दो लाख 71 हजार की नकदी फ्रिज कराई।साथ ही पुलिस टीम ने इनके कब्जे से दो कीमती मोबाइल फोन ओर एक स्कूटी बरामद की है। पूछताछ में दोनों ने अपने नाम थाना सीपरी बाजार के नालगंज निवासी कल्पनाथ सिंह उर्फ कमलेश तथा प्रेमगंज निवासी अमित रैकवार न्याय। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# छात्रों को किया सम्मानित



**गुरसराय।** झांसी 14 नगर केश्री महावीर बाल शिक्षा संस्कार केंद्र इंटर कॉलेज के प्रतिभावान छात्रों को को पंडित दीनदयाल सभागार में हिंदुस्तान ओलिंपियाड 2025 के सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी गौरांग राठी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति रहे ।कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा निकेता पटेल कक्षा12 को जनपद झांसी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर तथा यशराज गौतम कक्षा 9 प्रथम स्थान एवं रिया सेन कक्षा 11 जनपद में प्रथम स्थान प्रियांशु सोनी कक्षा 10 जनपद में द्वितीय स्थान सृष्टि नायक कक्षा 12 जनपद में द्वितीय स्थान गौरी पटेल कक्षा 10 जनपद में तृतीय स्थान खुशी पटेल कक्षा 12 जनपद में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रथम स्थान प्राप्त छात्र को ?3100 की चेक द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र को ?2100 की चेक तृतीय स्थान प्राप्त छात्र को ?1100 की चेकप्रशस्ति पत्र मेडल पहनाकर सम्मानित किया ।जिलाधिकारी महोदय ने छात्रों से निरंतर मेहनत अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते रहने की सलाह दी ।उन्होंने बच्चों को नैतिक मूल्यों की भी शिक्षा दी ।हिंदुस्तान ओलंपियाड कार्यक्रम में विद्यालय का नाम रोशन करने वाले छात्रों को विद्यालय के अध्यक्ष उत्तम चंद्र जैन, उपाध्यक्ष राजेंद्र जैन नुनार ,प्रकाश चंद्र जैन मंत्री ,राजेंद्र जैन खिरिया, योगेश जैन ,प्रभात जैन, प्रमोद जैन, अमित जैन शोले ,प्रिंस जैन, अतुल जैन, प्रतीक जैन, दीपक जैन, प्रधानाचार्य रामकुमार सिंह परिहार ,प्रदीप श्रोत्रिय,विकांत पटेल प्रधानाध्यापक, आशुतोष शर्मा, रजनी चौहान ,कल्पना पटेरिया, केके पाठक ,शिवम अग्रवाल, कौशल किशोर मिश्रा, आशानंद सोनकिया, राम जी सोनी, निर्मल शर्मा, हेमलता, अशोक अग्रवाल, शिवांश सोनी, सहित स्टाफआदि उपस्थित रहा

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718